P372

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650

इंदौर, सोमवार 29 दिसंबर 2025
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 54
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...


स्वामी उत्तम महाराज अभी भी नाराज



पेज-2

फिल्म 'राजा साब' से डेब्यू कर रहीं मालविका



पेज-5

प्रधानमंत्री स्किल इंडिया स्कीम में 9200 करोड़ का घोटाला



पेज-6


# 'आपने गलत किया' राहुल ने संघ की तारीफ करने पर दिग्विजय को लगाई फटकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरएसएस और भाजपा की तारीफ को लेकर रविवार को मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से आपत्ति जताई। दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय 'इंदिरा भवन' में पार्टी के स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान दोनों नेता आमने-सामने हुए थे।

दिग्विजय सिंह से हाथ मिलाते समय राहुल गांधी ने उन्हें मजाकिया लहजे में कहा, 'कल आपने गलत व्यवहार कर दिया।' यह सुनकर आसपास मौजूद नेताओं की हंसी छूट गई। वहां सोनिया गांधी भी मौजूद थीं। वे भी हंसने लगीं। फिर राहुल और दिग्विजय के बीच थोड़ी देर बातचीत हुई।

दरअसल, दिग्विजय सिंह ने 27 दिसंबर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए आरएसएस और बीजेपी के संगठनात्मक ढांचे की सराहना की थी। तस्वीर में नरेंद्र मोदी और लालकृष्ण आडवाणी दिखाई दे रहे हैं। अपने पोस्ट में दिग्विजय सिंह ने लिखा था- यह बहुत ही प्रभावशाली तस्वीर है। किस प्रकार ऋस्स का जमीनी स्वयं सेवक और भाजपा का कार्यकर्ता नेताओं की चरणों में फर्श पर बैठकर प्रदेश का मुख्यमंत्री और देश का प्रधानमंत्री बना। यह संगठन की ताकत को दिखाता है।



**दिग्विजय की सफाई-** आरएसएस-मोदी की नीतियों का घोर विरोधी हूं-इधर, विवाद बढ़ने के बाद दिग्विजय सिंह ने अपनी सफाई में कहा कि उन्होंने सिर्फ संगठन की तारीफ की थी। उन्होंने कहा- मैं संगठन का समर्थन करता हूं। मैं आरएसएस, पीएम मोदी और उनकी नीतियों के खिलाफ हूं। बातचीत में दिग्विजय सिंह ने कहा- विचारधारा को लेकर कोई मतभेद नहीं है। हम सभी कांग्रेस में एकजुट हैं। नेहरू-गांधी परिवार ऐसा परिवार है, जिसमें दो लोगों ने शहादत दी है। भाजपा नेहरू-गांधी परिवार के भीतर मतभेद पैदा करने की कोशिश कर रही है।

### कांग्रेस नेताओं ने दिग्विजय सिंह की आलोचना की

■ दिग्विजय सिंह के पोस्ट के बाद पार्टी के भीतर उनकी आलोचना होने लगी। उधर, कांग्रेस स्थापना दिवस के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दिग्विजय का नाम लिए बिना कहा- कांग्रेस ने कभी संविधान, धर्मनिरपेक्षता और गरीबों के अधिकारों से समझौता नहीं किया है।

■ खड़गे ने यह भी कहा कि कांग्रेस ने कभी धर्म के नाम पर वोट नहीं मांगे और न ही मंदिर-मस्जिद के नाम पर नफरत फैलाई। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने दिग्विजय के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि कांग्रेस को गोडसे की विचारधारा से जुड़े संगठन से कुछ सीखने की जरूरत नहीं है।

# सोना-चांदी हुई पहुंच के बाहर निवेशकों की बल्ले-बल्ले



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● वैश्विक स्तर पर जारी भू-राजनैतिक और व्यापार तनावों के बीच पिछले एक साल में सोने-चांदी में जबरदस्त तेजी रही और एक तरफ जहां दोनों कीमती धातु आम लोगों की पहुंच से दूर हो गई, वहीं निवेशकों को खूब फायदा हुआ। एमसीएक्स इंडिया के आंकड़ों के अनुसार, अहमदाबाद में सोने की कीमत 31 दिसंबर 2024 को 75,913 रुपए प्रति दस ग्राम थी जो 26 दिसंबर 2025 को बढ़कर 1,37,591 रुपए पर पहुंच गई। इस प्रकार, इसकी कीमत 81 प्रतिशत से अधिक बढ़ी। इस दौरान चांद भी 85, 851 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर 2,28,948 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इसकी कीमत एक साल में 167 प्रतिशत बढ़ी।

विशेषज्ञों का मानना है कि सोने की कीमत में बढ़ोतरी का प्रमुख कारण वैश्विक है। एक तरफ रूस युक्रेन युद्ध और दूसरी तरफ पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण सुरक्षित निवेश मानी जाने वाली पीली धातु की मांग बढ़ी है। इसके अलावा, व्यापार तनाव भी इसकी एक वजह है। निवेशक ही नहीं, विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक भी सोना खरीद रहे हैं। एक तरफ जहां मूल्य में सोने की खपत बढ़ी है, वहीं वास्तविक खपत में कमी आई है। इसका मुख्य कारण इसकी आसमान छूती कीमतें हैं जिससे यह आम लोगों की पहुंच से दूर चला गया है

## मौसम के दिख रहे दो रूप दिन में गर्मी तो रात में कड़ाके की ठंड

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर के मौसम में फिर उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। पिछले दिनों गिरावट के बाद रविवार को दिन का अधिकतम तापमान बढ़कर 27.0 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य रहा। तेज धूप के कारण दिन में ठंड से कुछ राहत मिली, लेकिन शाम ढलते ही सर्द हवाओं ने फिर शहरवासियों को कंपकंपी महसूस करा दी। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को रात का न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री दर्ज हुआ, जो सामान्य से लगभग 4 डिग्री कम है। मौसम विभाग के अनुसार, रात और भोर के समय ठंड का दौर जारी रहेगा। हवाएं रविवार को पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी दिशा से चलीं, जिनकी गति 3-5 किमी प्रतिघंटा दर्ज की गई। सुबह के समय घना कोहरा और शीतलहर का असर सबसे ज्यादा दिखाई दिया, जिससे कई क्षेत्रों में दृश्यता भी प्रभावित हुई। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 3-4 दिनों तक दिन का तापमान इसी तरह बना रहेगा।

# कलेक्टर ने कहा बहाने छोड़ राजस्व के काम में जुट जाइए



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर शिवम वर्मा ने बारीकी से आम जनता के प्रति किए जा रहे आदेशों की समीक्षा की। उन्होंने रैंडमली सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों को उठाकर उनके निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने जिले में एसआईआर (विशेष अभियान रजिस्ट्रेशन) की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अब समस्त राजस्व अधिकारियों को पूरी ताकत के साथ नियमित राजस्व कार्यों में जुट जाने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब किसी भी तरह की ढिलाई या टालमटोल स्वीकार नहीं की जाएगी। शासकीय भूमि से जुड़े मामलों में प्रशासन का पक्ष मजबूती से रखा जाए, ताकि फैसले शासन के हित में सुनिश्चित हो सकें।

### आदेश के साथ अमल भी हो, माह के अंतिम शनिवार लगेगी क्लास

कलेक्टर वर्मा ने निर्देश दिए कि सभी प्राप्त राजस्व आवेदनों का अनिवार्य रूप से पंजीयन किया जाए। कोई भी आवेदन बिना दर्ज हुए लंबित न रहे। जिन मामलों में आदेश पारित हो चुके हैं, उनका समय पर अमल कर उन्हें राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया जाए। उन्होंने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य के साथ-साथ राजस्व प्रकरणों को भी समान प्राथमिकता देने की बात कही। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अब राजस्व प्रकरणों की मासिक समीक्षा अनिवार्य रूप से की जाएगी। प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित होगी। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को अपने अधीनस्थ न्यायालयों का नियमित निरीक्षण करने और लंबित मामलों की स्वयं समीक्षा करने के निर्देश दिए।

## कल रात सड़क पर युवकों ने मचाया उत्पात : वाहनों में पत्थरों से की तोड़फोड़

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर में मामूली कहासुनी के बीच बदमाशों ने सड़क पर युवकों के साथ मारपीट की। आरोपियों ने बड़े-बड़े पत्थर उठाकर गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी। यहां बदमाशों की हरकतों को देखने के लिए काफी भीड़ इकट्?ठा हो गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है।

लसूडिया के स्कीम नंबर 78 स्थित कोनार्क होटल के सामने रविवार रात दो युवकों के गुट में विवाद बढ़ गया। यहां स्कूटर पर सवार तीन युवकों ने सड़क पर ही दूसरे पक्ष के युवकों से मारपीट शुरू कर दी। युवक जब जान बचाकर एक तरफ गाड़ी छोड़कर भागे तो आरोपियों ने उन पर पत्थर मारे। जिसमें गाड़ियों में तोड़फोड़ कर दी। यहां मौजूद लोगों ने घटना के वीडियो बनाना शुरू कर दिए। मोपेड सवार युवकों को पकड़कर थाने ले गए। फिलहाल पकड़ाए युवकों के नाम पुलिस ने नहीं बताए हैं। पुलिस उनके एक और साथी की तलाश कर रही है।

### न्यूज ब्रीफ

- एनसीपी शरद पवार ग्रुप की मुंबई जिलाध्यक्ष राखी जाधव बीजेपी में हो सकती हैं शामिल
- छत्तीसगढ़ : ईडी ने रायपुर और महासमुंद में 9 ठिकानों पर छापे मारे
- नए साल की भीड़ को देखते हुए बांके बिहारी मंदिर प्रशासन की अपील, 5 जनवरी तक वृंदावन न आने का अनुरोध
- आंध्र प्रदेश : अनाकापल्ली में टाटा-एर्नाकुलम एक्सप्रेस के दो कोचों में लगी आग, यात्रियों को निकाला बाहर
- उन्नाव रेप केस में कुलदीप सेंगर को मिली राहत के विरोध में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई
- अरावली मामले पर आज सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई
- इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की आज होगी ट्रंप से मुलाकात
- रूस द्वारा कीव पर बमबारी के बीच ज़ेलेंस्की ने ट्रंप से मांगा समर्थन
- ट्रंप ने फ्लोरिडा में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ की मीटिंग
- सूरीनाम में हमलावर ने 5 बच्चों सहित 9 लोगों को चाकू से गोदा

### केयर सीएचएल अस्पताल को नोटिस

# आयुष्मान योजना के मरीज से भरवाई राशि, रेडक्रास से भी मांगी मदद

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर के बड़े निजी अस्पतालों में शामिल केयर सीएचएल अस्पताल एलआईजी को स्वास्थ्य विभाग ने नोटिस जारी किया है। अस्पताल ने मरीज के आयुष्मान योजना में शामिल होने के बाद भी दोहरी होशियारी दिखाई। मरीज से उपचार के लिए राशि भी भरवाई और साथ ही रेडक्रास से मदद के लिए भी एस्टीमेट दे दिया।



इंदौर के मालवा मिल निवासी एक 76 वर्षीय सीनियर सिटीजन के बायपास सर्जरी का मामला था। नियम के तहत 70 साल से अधिक उम्र का हर व्यक्ति आयुष्मान योजना में शामिल है। वहीं, अस्पताल प्रबंधन ने मरीज को योजना में नहीं लिया।

मरीज का मेडीक्लेम कम राशि का था, उसे मेडीक्लेम में ले लिया गया। उपचार का खर्च करीब सवा तीन लाख रुपए बताया गया। वहीं बायपास सर्जरी में आयुष्मान योजना के तहत करीब सवा लाख रुपए तय होते हैं। ऐसे में अधिक राशि के लिए मरीज को आयुष्मान की जगह मेडीक्लेम में लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को आयुष्मान योजना के मरीज से राशि लेने पर नोटिस जारी किया।

**मरीज का इलाज :** 76 वर्षीय सीनियर सिटीजन का बायपास सर्जरी, जिसे आयुष्मान योजना में शामिल नहीं किया गया। मरीज को आयुष्मान के बजाय मेडिक्लेम से इलाज कराया, जो महंगा था।

### पर्यावरणविद् डॉ. ओपी जोशी की वार्षिक रिपोर्ट में खुलासा

# शहर में हरियाली पर बड़ा संकट एक साल में 1300 पेड़ हुए कम

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर की पर्यावरणीय सेहत को लेकर वर्ष-2025 चिताजनक संकेत लेकर आया है। पर्यावरणविद् एवं पूर्व प्राचार्य डॉ. ओपी जोशी ने अपनी वार्षिक पर्यावरण अध्ययन रिपोर्ट जारी करते हुए बताया कि इस साल अब तक करीब 1300 पेड़ से अधिक पेड़ शहर से समाप्त हो गए। इनमें से 500 पेड़ मूसाखेड़ी-आईटी पार्क मार्ग पर, जबकि लालबाग के बारामत्था क्षेत्र स्थित शिवहनुमान मंदिर परिसर में 250 वर्ष पुराना विशाल पीपल का पेड़ भी कट गया। इसके अतिरिक्त 4-5 मई और 12 जून को आई तेज आंधी से शहर में 400 पेड़ गिर गए, जिनमें रिंग रोड क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित रहा। यह शहर के पर्यावरण के लिए काफी नुकसानदायक है। डॉ. जोशी के अनुसार हमें यह मानना होगा कि शहर में हरियाली संकट है।




## शेष बचे 03 दिन... साल 2025 की यादें होगी ताजा 'दैनिक इंदौर संकेत' के साथ



**इंदौर ● दैनिक इंदौर संकेत।** इस वर्ष शहर के दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों की शहर और ग्रामीण इकाइयों को नए सरदार मिले। दोनों ही दलों के शहरी और ग्रामीण मुखिया के पदों में लगभग तीन वर्ष के बाद परिवर्तन हुआ। सबसे बड़ी बात यह है कि दलों में अब युवा नेतृत्व को आगे किया जा रहा है।


**नए साल का तोहफा** शुरू होगा ई-फाइलिंग सिस्टम, एक क्लिंक पर मिलेगी जानकारी

# आईडीए की संपत्ति का घर बैठे होगा लीज नवीनीकरण

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● नए साल में इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) के लाखों लीजधारियों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। उनको अपने काम के लिए कार्यालय के चक्कर लगाने से मुक्ति मिल जाएगी और समय सीमा में उनका काम हो सकेगा। फाइलों के अंबार और प्रकरणों के अटकने से परेशान आमजन के लिए आईडीए अब पूरी तरह डिजिटल व्यवस्था शुरू कर रहा है। नए साल से आइडीए में ई-फाइलिंग सिस्टम लागू किया जा रहा है, जिससे प्राधिकरण से जुड़े प्रत्येक प्रकरण की जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध होगी। वहीं लीज नवीनीकरण, नामांतरण से लेकर भूमि का निरीक्षण सब कुछ ऑनलाइन होगा।



**ई-फाइलिंग सिस्टम की शुरुआत**-आइडीए नवाचार के तहत ई-फाइलिंग सिस्टम की शुरुआत करने जा रहा है। इस नई व्यवस्था के लागू होते ही लीज नवीनीकरण, नामांतरण, निरीक्षण रिपोर्ट और अन्य संपत्ति संबंधी मामलों में पारदर्शिता और गति दोनों आएंगी। आवेदकों को अपने प्रकरण की स्थिति मोबाइल और ईमेल के माध्यम से समय-समय पर मिलती रहेगी, जिससे उन्हें बार-बार कार्यालय आने की जरूरत नहीं पड़ेगी। आवेदकों को न्यायालयीन या जटिल विवाद वाले मामलों में ही आइडीए बुलाया जाएगा। ऐसे मामलों में भी प्रयास रहेगा कि एक ही बैठक में समाधान हो जाए। आइडीए सीइओ डॉ. परिक्षित झाड़े का कहना है कि नए साल से ई-फाइलिंग सिस्टम और लीज नवीनीकरण की पूरी प्रक्रिया डिजिटल कर दी जाएगी। इससे अंतरविभागीय पत्राचार उसी दिन पूरा होगा और अन्य विभागों से जानकारी भी तुरंत मिल सकेगी।

# स्वामी उत्तम महाराज अभी भी नाराज, सीएम को देख बोले-अकेले आयोजन करते तो मुख्यमंत्री नहीं आते

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● स्वामी उत्तम महाराज ने 2 महीने पहले सलकनपुर में हुए एक कार्यक्रम में सीएम मोहन यादव की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई थी। अब रविवार को इंदौर के सांवेर में एक सामूहिक विवाह आयोजन में दोनों मंच पर मौजूद थे। इस दौरान महाराज ने जो कहा उससे फिर संदेश गया कि अभी भी नाराजगी दूर नहीं हुई।

इंदौर के सांवेर क्षिप्रा में हुए सामूहिक विवाह आयोजन के दौरान स्वामी महाराज ने सीएम के काम की तारीफ की। लेकिन कुछ ऐसी बातें भी कही जो उनकी नाराजगी को बयां कर गई। हालांकि सीएम मंच पर महाराज का आशीर्वाद लेते नजर आए और बार-बार कहा भी कि वह यहां पर



महाराज के आशीर्वाद के लिए आए हैं।

आठ अक्टूबर को सलकनपुर आश्रम में शरद पूर्णिमा महोत्सव हुआ था। इसमें, उत्तम स्वामी महाराज ने सीएम डॉ. मोहन यादव को भी खास तौर पर बुलाया था। लेकिन वह अन्य व्यस्तताओं के चलते नहीं आ सके। इस पर स्वामीजी ने मंच से कहा था कि- जिनके पास सेवा प्रकल्प के लिए दो घंटे नहीं हैं, वो हमारे मंच पर नहीं चाहिए। स्वामी महराज ने यह भी कहा कि चाहे कोई भी हो। आपको राजनीति करना होगा, हम तो भगवान की नीति पर चलने वाले लोग हैं। जिनको राजनीति करना वो परिक्रमा, प्रशंसा करें। उनको यहां से नमन करते हैं। इसके बाद वीसी के जरिए सीएम जुड़े और उन्होंने सार्वजनिक रूप से उत्तम स्वामी महाराज से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि यह तपन जी की गलती थी, और उन्होंने पहले ही तपन जी को न आने की सूचना दे दी थी। माफी के बाद उन्होंने स्वामी जी के जयकारे लगवाए। सीएम ने कहा कि वे स्वामी जी के बच्चे हैं, और आगे भी माफी मांगते रहेंगे। आपकी नाराजगी तो हमारे लिए आशीर्वाद है। आयोजन में सीएम डॉ. मोहन यादव यहां पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मंत्री तुलसी सिलावट व अन्य के साथ पहुंचे। महाराज उत्तम स्वामी को लेकर सीएम ने कहा कि मैं यहां वर-वधु को आशीर्वाद देने के लिए आया हूं। खासकर महाराज जी से आशीर्वाद लेने के लिए भी आया हूं।

## मंत्री हो या सीएम, उद्योगपति शादियों में खर्च का दिखावा नहीं करे, मौत-मैय्यत के भंडारे भी हो बंद-सीएम मोहन यादव

सीएम मोहन यादव ने सांवेर में सामूहिक विवाह के दौरान फिजूलखर्ची और दिखावे के खिलाफ कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि बड़े लोगों के भव्य आयोजनों को देखकर आम आदमी कर्ज लेकर



दिखावा करता है। इससे उसे कष्ट होता है।

अपने बेटे की शादी सामूहिक विवाह में करने वाले सीएम डॉ. मोहन यादव रविवार को सांवेर क्षिप्रा पहुंचे। उन्होंने इंदौर के पास आयोजित हुए इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने सभी बड़े लोगों को नसीहत देकर कहा कि शादी जैसे आयोजनों में बेवजह के दिखावे से बचना चाहिए। जब बड़े आदमियों के ऐसे नाटक छोटा आदमी देखता है तो कष्ट होता है। उन्होंने साफ कहा कि बेवजह के खर्चे रोके जाएं और मौत-मैय्यत के भी भंडारों पर होने वाले खर्च नहीं करें। आयोजन में 251 वर-वधू को आशीर्वाद दिया। इसके बाद सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह एक आनंद है सामूहिक विवाह का। इसमें संतों का भी आशीर्वाद मिल रहा है, सरकार भी साथ है।

### न्यूज ब्रीफ

## सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम : मुख्यमंत्री

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर के शिप्रा में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान गंगा महोत्सव एवं 251 जोड़ों के नि:शुल्क सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सामूहिक विवाह के आयोजन अद्वितीय, प्रेरणादायी और सामाजिक समरसता के जीवंत उदाहरण होते है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बड़े-बड़े दिखावटी आयोजनों से समाज में अनावश्यक आर्थिक बोझ बढ़ता है। सामूहिक विवाह सादगी, सहयोग और सामाजिक समानता का संदेश देते हैं। उन्होंने समाज से अपील की कि अनावश्यक खर्चों से बचें, बच्चों की शिक्षा और भविष्य निर्माण पर ध्यान दें तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

## कैलेण्डर 2026 का विमोचन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्री माहेश्वरी युवा संगठन पूर्वी क्षेत्र, इंदौर के द्वारा प्रकाशित केलेण्डर 2026 का विमोचन गीता भवन ट्रस्ट के मंत्री श्री रामविलास जी राठी, माहेश्वरी समाज पूर्वी क्षेत्र के मंत्री राकेश लखोटिया एवं वरिष्ठ निवेश सलाहकार डा. चंद्रप्रकाश हेडा के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। संगठन के अध्यक्ष मधुरम् राठी ने बताया इस केलेण्डर में माहेश्वरी समाज के तीज-त्योहारों की जानकारी के साथ वल्लभ सम्प्रदाय एवं रामानुज सम्प्रदाय की तिथियों का भी समावेश है। बैंक की छुट्टियों (दूसरा व चौथा शनिवार) को अलग रंग से दर्शाया गया है। कैलेंडर प्रकाशन में सहयोग के लिए सभी विज्ञापनदाताओं एवं युवा साथियों का आभार प्रचार मंत्री विकास मुंदड़ा ने माना। कार्यक्रम में महेश कुमार लढ़ा, शंकरलाल सोमानी, शशांक माहेश्वरी, प्रकाश लखोटिया, उज्जवल चांडक आदि समाजजन उपस्थित थे।

## क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना के प्रदेश संगठन सचिव बने राज जाधव



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना के प्रदेश संगठन सचिव पद पर राज जाधव को प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत कुंजीर ने नियुक्त किया है। सेना की प्रदेश कार्यकारिणी को बढ़ाते हुए नियुक्तियां की गई। जिसमें प्रदेश संगठन सचिव राज जाधव बने। यह नियुक्ति संरक्षक मिलिंद दिघे, प्रदेश सचिव विमल चौहान, महिला प्रदेश अध्यक्ष स्वाति मोहिते, करण कुंजीर की सहमति से की गई हैं। प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत कुंजीर चंदू भैया ने संगठन सचिव राज जाधव को नियुक्ति पत्र दिया। संगठन सचिव बनने पर विधायक रमेश मेंदोला,सुनील खंडागले, मार्तंड राव खानविलकर,लवली जाधव, संदीप खरनाल सहित अन्य ने बधाई दी।

# मध्यप्रदेश वित्त निगम के बंद करने की सुगबुगाहट से ही बिकी बिल्डिंग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कई साल पहले मध्यप्रदेश वित्त निगम ने अपने उपयोग के लिए सत्यसांई चौराहा के पास एबी रोड पर विशाल बहुमंजिला बिल्डिंग का निर्माण किया। मगर बाद में निगम को ही बंद करने की सुगबुगाहट शुरू हो गई, जिसके चलते बनी हुई बिल्डिंग खाली ही पड़ी रही और फिर इसे बेचने के प्रयास भी शुरू हुए। कुछ सरकारी महकमों से भी चर्चा की गई। मगर अब वाणिज्यकर विभाग ने उक्त बनी हुई बिल्डिंग 150 करोड़ रुपए में खरीद ली है।

फिलहाल वाणिज्यकर विभाग का कार्यालय मोती बंगला संभागायुक्त कार्यालय पर है और आरएनटी मार्ग चेतक टॉवर पर किराए पर सालों से दफ्तर चल रहे हैं। अब पूरा वाणिज्य कर विभाग आने वाले कुछ महीनों बाद इस नई बिल्डिंग में शिफ्ट हो जाएगा, जिसमें फर्नीचर सहित अन्य बचे हुए कार्यों को करवाने की जिम्मेदारी इंदौर विकास प्राधिकरण को सौंपी गई है, जिस पर लगभग 30 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च होने का अनुमान लगाया गया है। प्राधिकरण की योजना 54 में जहां निजी बिल्डिंगें तनी हुई हैं, वहीं कुछ भूखंड सरकारी विभागों को भी दिए गए थे, जिनमें बैंक से लेकर अन्य महकमे शामिल रहे। लगभग 30 साल पहले प्राधिकरण ने एबी रोड का यह भूखंड मध्यप्रदेश वित्त निगम को बेचा था। 24800 स्क्वेयर फीट का यह भूखंड पहले तो सालों तक खाली पड़ा रहा, उसके बाद कुछ वर्ष पूर्व उस पर बिल्डिंग का निर्माण वित्त निगम ने ही शुरू करवाया। तत्कालीन एमडी ने इस बहुमंजिला बिल्डिंग को निर्मित करवाया, ताकि वित्त निगम का भी पूरा कामकाज एक ही जगह से संचालित हो सके। वर्तमान में मध्यप्रदेश वित्त निगम का मुख्य कार्यालय एबी रोड पर ही गीता भवन चौराहा के पास मौजूद है और सेंटपॉल के पास भी उसका पुराना कार्यालय चल रहा है। पिछले कुछ वर्षों में चूंकि मध्यप्रदेश वित्त निगम का कामकाज अत्यंत सीमित हो गया और उद्योगों या अन्य प्रतिष्ठानों को लोन देना भी बंद कर दिया है, क्योंकि वित्त निगम भी घाटे में चलता रहा। बीच में यह भी चर्चा चली कि शासन वित्त निगम को पूरी तरह से बंद करना चाहता है।

# अखिल भारतीय मेडतवाल समाज का दो दिवसीय युवक युवती परिचय सम्मेलन संपन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● अखिल भारतीय मेडतवाल (वैश्य) समाज का विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन दो दिवसीय अंतिम सत्र 28 दिसंबर को इंदौर मेडतवाल समाज एवं मेडतवाल सोशल ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में बाबा श्री गार्डन छोटा बांगड़ादा एयरपोर्ट रोड पर स्व इंद्रदेव आर्य परिसर में हुआ जीवनसाथी की तलाश करने में एकत्रित हुआ मेडतवाल समाज इस सम्मेलन में इंदौर से लेकर देश विदेश तक के प्रतिभागी आए! इसमें अखिल भारतीय मेडतवाल वैश्य समाज के अध्यक्ष मोहनलाल जी करोड़िया, महामंत्री पुरुषोत्तम घटिया एवं विष्णु प्रसाद करोड़िया,मदन लाल दलाल साहब, पूर्व आईएएस रमेश भंडारी, योगेंद्र गुप्ता सीए कोटा एवं मेडतवाल समाज की मध्य प्रदेश एवं राजस्थान की समस्त नगर की



पंचायत प्रतिनिधियों ने अपनी सहभागिता दर्ज की और कार्यक्रम की प्रशंसा कर इस सराहनीय कदम के लिए इंदौर मेडतवाल समाज, इंदौर सोशल ग्रुप समाज को बधाइयां दी और समाज के लिए एक अनुकरणीय कदम बताया इंदौर समाज के अध्यक्ष शक्ति नाथ गुप्ता एवं सचिव लक्ष्मीनारायण मेडतवाल एवं सोशल ग्रुप के संयोजक श्री गोपाल जी भगत एवं महामंत्री जगदीश जी वकील साहब एवं पूर्व विधायक क्षेत्र क्र 1 सुदर्शन गुप्ता एवं सभी कार्यकारिणी सदस्यों कि उपस्थिति में मां फलोदी की पूजा अर्चना एवं आरती करके परिचय सम्मेलन का समापन किया 1250 प्रत्याशियों ने प्रविष्टि दर्ज कराई उसमें से करीबन 728 के लगभग प्रत्याशियों ने मंच पर आकर अपना परिचय दिया

इसमें से करीब 150 प्रत्याशियों ने अपने होने वाले जीवनसाथी की तलाश पूरी की जो की आने वाले दिनों में अपने जीवनसाथी के रूप में प्राप्त करेंगे परिचय देने वाले प्रतिभागियों में आईटी प्रोफेशनल, इंजीनियर , डॉक्टर, बिजनेसमैन प्रत्याशियों ने अपना परिचय दिया

# नए साल से पहले बजरंग दल का अल्टीमेटम- 'नशे पर वार, हुड़दंग पर प्रहार'

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● 31 दिसंबर और नए साल के जश्न से पहले शहर में नशे और हुड़दंग पर नकेल कसने के लिए विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल इंदौर विभाग ने मोर्चा खोल दिया है। 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत बजरंग दल ने पुलिस-प्रशासन को 13 बिंदुओं का कड़ा मांगपत्र सौंपते हुए साफ चेतावनी दी है कि अगर नियमों की अनदेखी हुई तो संगठन खुद सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा।

विहिप के प्रचार प्रसार प्रमुख देवा शर्मा ने बताया कि नए साल के नाम पर शहर की संस्कृति और सभ्यता बिगाड़ने की साजिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संगठन ने ड्रिंक एंड ड्राइव, हुड़दंग, तेज रफ्तार वाहनों की रैली, सड़कों पर शोर-शराबा और खुलेआम आतिशबाजी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**नशे में वाहन चलाया तो सीधा जब्ती**-बजरंग दल ने मांग की है कि नशे में वाहन चलाने वालों के वाहन मौके पर ही जब्त हों और कठोर कार्रवाई की जाए। वहीं, हुड़दंग मचाने वाले युवक-युवतियों की टोली पर भी सामूहिक रूप से सख्ती बरती जाए।

सार्वजनिक स्थानों और सड़कों पर तेज आवाज में डीजे, कार म्यूजिक और बिना अनुमति रास्ता रोककर होने वाले कार्यक्रमों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है। आतिशबाजी पर भी रोक लगाने का आह्वान किया गया है। होटल, पब, बार और रेस्टोरेंट को रात 12 बजे से पहले अनिवार्य रूप से बंद कराने, प्रति व्यक्ति तय मापदंड से अधिक शराब परोसने वाले संचालकों पर कार्रवाई की मांग भी शामिल है।

**जनवरी में शहर बनेगा इंडस्ट्रियल इनोवेशन का केंद्र**

# 4 दिन तक सजेगी मध्य भारत की सबसे बड़ी एसएमई इंडस्ट्रियल एक्सपो

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● देश में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार और छोटे व मध्यम उद्योगों की बढ़ती भूमिका के बीच केंद्रीय भारत में एक बड़े औद्योगिक आयोजन की तैयारी की जा रही है। इसी कड़ी में जनवरी 2026 में इंदौर में इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग एंड मैन्युफैक्चरिंग एक्सपो 2026 का आयोजन किया जाएगा, जो मैन्युफैक्वरिंग, इंजीनियरिंग और इससे जुड़े क्षेत्रों को एक साझा मंच प्रदान करेगा।

यह प्रदर्शनी 9 से 12 जनवरी तक लाभगंगा एग्जीबिशन सेंटर, बायपास रोड, इंदौर में आयोजित होगी। प्रदर्शनी प्रतिदिन सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक आम लोगों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के लिए खुली रहेगी, जिसमें प्रवेश पूरी तरह नि:शुल्क रहेगा। यह एक्सपो केंद्रीय भारत की सबसे बड़ी एसएमई आधारित औद्योगिक प्रदर्शनी मानी जा रही है, जिसमें मैन्युफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, पंप्स, वाल्व्स, मटीरियल हैंडलिंग, वेयरहाउसिंग और इंट्रा लॉजिस्टिक्स जैसे प्रमुख सेक्टर्स एक ही मंच पर देखने को मिलेंगे। प्रदर्शनी का उद्देश्य छोटे और मध्यम उद्योगों को बड़े व्यापारिक अवसरों से जोड़ना और उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। इस मेगा आयोजन के अंतर्गत पंप्स, वाल्व्स एंड सिस्टम्स एक्सपो 2026 और इंदौर वेयरहाउसिंग एंड इंट्रा लॉजिस्टिक्स एक्सपो का भी समानांतर आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष प्रदर्शनी का विशेष फोकस सोलर एवं रिन्यूएवल एनर्जी सेक्टर पर रखा गया है, ताकि ग्रीन एनर्जी और सस्टेनेबल इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस को बढ़ावा मिल सके। आयोजन को लेकर फ्यूचर इवेंट्स के डायरेक्टर अमेय गोखले ने बताया कि लगभग 25,000 वर्गमीटर में फैली इस प्रदर्शनी में देशभर से 250 से अधिक एग्ज़बिटर्स भाग लेंगे, जबकि 25,000 से ज्यादा विटिर्स के आने की उम्मीद है। एक्सपो में 10,000 से अधिक प्रोडक्ट्स और सर्विसेस प्रदर्शित की जाएंगी। जिनमें नवीनतम मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी, मशीन टूल्स, इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक सॉल्यूशंस, पंप्स और वाल्व्स सिस्टम्स, ऑटोमेशन, हाइड्रोलिक्स, पैकेजिंग, प्लास्टिक्स, पाइप्स व फिटिंग्स, टेस्टिंग और मेजरिंग इंस्ट्रूमेंट्स शामिल रहेंगे।

# रेशीम गाठी : शहर में होगा क्षत्रिय धनगर समाज का द्वितीय भव्य परिचय सम्मेलन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● समाज में पारिवारिक मूल्यों और आपसी विश्वास को मजबूत करने की दिशा में श्री क्षत्रिय धनगर सेवा संघ, इंदौर एक महत्वपूर्ण पहल करने जा रहा है। संघ द्वारा द्वितीय नि:शुल्क भव्य वधु-वर परिचय सम्मेलन 'रेशीम गाठी' का आयोजन रविवार, 28 दिसम्बर को किया जाएगा। यह सम्मेलन प्रात: 11 बजे से शाम 4 बजे तक महाराजा यशवंतराव स्कूल, नरेन्द्र तिवारी मार्ग, उषा नगर एक्सटेंशन, इंदौर में आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार, यह सम्मेलन केवल विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिचय तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की एकता, पारदर्शिता और आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य को लेकर उठाया गया एक संगठित सामाजिक प्रयास है। सम्मेलन का उद्देश्य समाज के परिवारों को ऐसा सम्मानजनक मंच उपलब्ध कराना है, जहां संस्कार, शिक्षा और पारिवारिक मूल्यों के साथ रिश्तों की शुरुआत हो सके। इसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले परिवारों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिलेगी।

# देपालपुर, गौतमपुरा क्षेत्र में घोड़ा रोज़ का आतंक, किसान हुए परेशान

**निलेश चौहान : 94250-77209**

**देपालपुर ● दैनिक इंदौर संकेत**

गौतमपुरा क्षेत्र के किसानों ने गेंहू, आलू, मटर, चना, प्याज, लसन की बोवनी की है और अनुकूल मौसम के चलते फसल की पैदावार अच्छी होने की संभावना है। परन्तु घोड़ा रोज ओर जंगली सूअरों के झुंड फसलों लगातार बर्बाद कर रहे हैं। वही किसान भी अपनी फसलों को इनसे बचाने के लिए कई उपाय कर चुके है पर कोई उपाय कारगन नही हो पाया है। किसानों की मेहनत भरी फसलों को घोड़ारोज प्रतिदिन अपने पेरो तले रौंद कर खराब कर रहे हैं वहीं जंगली सुअर खेत खोदकर आलू की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के बरोदापंथ, हरनासा, ताकिपुरा, गिरोड़ा, चिल्लौंदा, रंगवासा, जलोदियापंथ,रलायता, अत्याना, बछोडा, जलोदिया, खेड़ा, पाडलिया, छडोदा, अम्बालिया, गिरोता,



फुलान, पिरनलवासा, खंजरखेड़ा आदि कई गांवों के किसान घोड़ा रोज और सूअरों के आंतक से परेशान हैं। घोड़ा रोज के झुंड खेतों में घुस कर फसलों को रौंद रहे हैं तो सुअर खेत खोदकर आलू की फसल बर्बाद कर देते है। ग्राम पाडलिया के सरपंच सज्जनसिंह नागर व ग्राम फूलान अम्बालिया के पूर्व सरपंच अनिल पण्ड्या ने बताया 50 से 100 की तादाद में घोड़ा रोज का झुंड एक साथ खेतों में घुसता है। जहां से गुजरते हैं वहां की फसल खत्म हो जाती है। बरोदापंथ के किसान चंदनसिंह ने बताया कि घोड़ा रोज फसलों को खाते कम रौंदते ज्यादा हैं। जिस खेत में बैठ जाते हैं उस जगह की फसल पूरी तरह खत्म हो जाती है। संदीप ने बताया कि 6 बीघा में मैने मटर लगाए थे पर घोड़ा रोज ने पूरे 6 बीघा की फसल चौपट कर दी अब 10 दिनों बाद 6 बीघा खेत मे प्याज की फसल लगाऊंगा , ग्राम गिरोता के अंकित जोशी ने बताया दिन में घोड़ारोज और रात में जंगली सुअर किसानों की खून पसीने की मेहनत को बर्बाद कर रहे हैं। किसान इनसे बचने के लिए खेतो में झटका मशीन लगा रहे है जिससे खेतो में तार फेंसिंग का खर्चा ओर बढ़ गया है । वही कई किसान तो रात को चौकीदारी भी कर रहे है। ग्राम नोलाना के गणेश राव ने बताया कि मैने 1 बीघा खेत मे लाल तुवर लगाई थी फसल 4 महीने में पकी तब तक सारी फसल घोडारोंज साफ चट कर चुके थे अब उस खेत मे गेंहू की फसल लगाने कि तेयारी है । जंगली सूअर आलू, मटर, प्याज व अन्य फसलों को जमीन से खोद देते हैं। ग्राम खेड़ा के किसान हैदर पटेल का कहना है आलू, मक्का की फसल को लगाए 30 दिन से ज्यादा हो गए है। जंगली सुवरो ने अभी करीब 15 प्रतिशत फसल चौपट कर दी है। अभी फसल निकलने में काफी समय है जब तक में फसल निकलूंगा लगभग 25 प्रतिशत फसलों को सुवर ओर घोड़ा रोज चौपट कर देंगे। इधर ग्राम अत्याणा के राहुल जाट का कहना है क्षेत्र में घोड़ा रोज व जंगली सुअरों का बड़ा आतंक है। आलू, मटर, चने व अन्य फसलों को सूअर ज्यादा नुकसान पहुंचा रहे हैं। वही घोड़ा रोज ने तो क्षेत्र के हर खेत मे नुकसान पहुचा रहा है। जल्द ही क्षेत्र के किसान मिलकर इनसे निपटने के लिए ओर हो रहे नुकसान का ज्ञापन अधिकारियों को देंगे।

# कांग्रेस के स्थापना दिवस पर लोकतंत्र को खत्म करने के षड्यंत्र को विफल करने का लिया संकल्प

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष मुकेश यादव एवं संगठन सचिव संजय बाकलीवाल ने बताया कि कांग्रेस के स्थापना दिवस का समारोह आज उत्सव के रूप में आयोजित किया गया। समारोह में पहली बार वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं को गांधी अवार्ड से अलंकृत किया गया। इस गरिमामय कार्यक्रम में भाजपा के लोकतंत्र को समाप्त करने के षड्यंत्र को विफल करने का संकल्प भी लिया गया।

कार्यक्रम के आरम्भ में सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस का 140 वें स्थापना दिवस कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े की अध्यक्षता में सेवादल के अध्यक्ष मुकेश यादव के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के झंडे को बदलने




एवं सलामी देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ध्वज टुकड़ी में ध्वज रक्षक प्रहलाद महावर के साथ विकास जोशी एवं प्रकाश महावर ने मार्च पास्ट करते हुए जिला एवं शहर अध्यक्षद्वय से पुराने ध्वज के स्थान पर नया ध्वज बदलवाया। ध्वज को सेवादल के साथियों ने सलामी दी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष विनय बाकलीवाल एवं राजेश चौकसे के मुख्य अतिथि में वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं को गांधी अवार्ड से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर सभी नेताओं ने अपने संबोधन में कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और सिद्धांतों का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी को सत्ता की लालसा नहीं है, लेकिन देश में एकता एवं भाईचारा रहना सबसे ज्यादा जरूरी है। हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई सभी धर्म के लोग एक साथ मिलजुल कर रहे।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, सोमवार 29 दिसंबर 2025

# नए लेबर कोड पर उद्योग जगत की बड़ी आपत्ति, दावा वेतन के नियम और ग्रेच्युटी से बढ़ेगा भर्ती खर्च

**भोपाल (एजेंसी)** • केंद्र सरकार द्वारा नोटिफाइड नए लेबर कोड को लेकर भारतीय उद्योग के प्रतिनिधियों ने चिंता जताई है। उद्योग संगठनों ने खास तौर पर वेतन की परिभाषा और ग्रेच्युटी से जुड़े प्रावधानों में अस्पष्टता की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा है कि इससे कंपनियों की भर्ती लागत में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हो सकती है। ये मुद्दे बुधवार को श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सामने भी उठाए गए। इस बैठक की अध्यक्षता श्रम सचिव वंदना गुरनानी ने की, जिसमें विभिन्न उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। मामले से जुड़े एक व्यक्ति ने बताया कि कुल पारिश्रमिक में से 50 फीसदी वेतन की गणना को लेकर कंपनियों में भ्रम की स्थिति है और इस पर स्पष्टता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा फिक्स्ड टर्म कर्मचारियों के लिए ग्रेच्युटी की पात्रता अवधि घटाकर एक साल कर दी गई है। ये दोनों प्रावधान कंपनियों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डालेंगे।

सूत्र के मुताबिक, उद्योग संगठनों से संभावित वित्तीय बोझ का आकलन करने को कहा गया है और इस मुद्दे पर आगे भी कई दौर की बातचीत होने की संभावना है। यह बैठक श्रम मंत्रालय की उस प्रक्रिया का हिस्सा थी, जिसके तहत नए लेबर कोड के ड्राफ्ट नियमों को सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी करने से पहले सभी हितधारकों से सुझाव लिए जा रहे हैं। वेतन संहिता के तहत अब फिक्स्ड टर्म कर्मचारियों को कम से कम एक साल की सेवा पूरी करने पर ग्रेच्युटी का भुगतान किए जाने का प्रावधान किया गया है। इससे पहले वेतन और भत्तों के बीच कोई निश्चित अनुपात नहीं था और कंपनियां सामाजिक सुरक्षा योगदान कम करने के लिए वेतन घटाकर भत्तों का हिस्सा बढ़ा देती थीं।

नए लेबर कोड के तहत अब वेतन में बेसिक पे, महंगाई भत्ता और रिटेनिंग अलाउंस को शामिल किया गया है। यदि हाउस रेंट अलाउंस, कन्वेयंस अलाउंस समेत अन्य भत्ते कुल पारिश्रमिक के 50 फीसदी से अधिक हो जाते हैं, तो 50 फीसदी से ऊपर की राशि को वेतन में जोड़ना अनिवार्य होगा। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कुल पारिश्रमिक का कम से कम 50 फीसदी हिस्सा वेतन के रूप में गिना जाए, जिससे कर्मचारियों के सामाजिक सुरक्षा योगदान में बढ़ोतरी हो सके। पिछले महीने बिजनेस स्टैंडर्ड को दिए एक इंटरव्यू में श्रम सचिव वंदना गुरनानी ने कहा था कि इन प्रावधानों का मकसद वेतन को कृत्रिम रूप से कम रखकर भत्तों को बढ़ाने की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करना है। उन्होंने कहा था कि इससे ग्रेच्युटी में योगदान बढ़ेगा, जो नियोक्ता की जिम्मेदारी है। इसी तरह मातृत्व लाभ भी वेतन से जुड़ा होता है और यह भी नियोक्ता की जिम्मेदारी बढ़ाएगा।बुधवार की बैठक में भारतीय उद्योग परिसंघ, फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, एसोचैम और फेडरेशन ऑफ इंडियन माइक्रो एंड स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज सहित कई प्रमुख उद्योग संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## मप्र एवं छग के हजारों पेंशनर्स अपनी मांगों के समर्थन में आज रैली धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन देंगे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • पेंशनरों को उनके वाजिब अधिकारों से वंचित करने वाली सरकारों के समक्ष अपना विरोध दर्ज कराने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ संयुक्त राज्य पेंशनर्स फेडरेशन से सम्बद्ध सभी पेंशनर्स संगठन 29 दिसंबर को दोनों राज्यो के जिला मुख्यालयो पर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिवों को कलेक्टर/ कमिश्नर के माध्यम से ज्ञापन देंगे। एमपी सीजी जॉइंट स्टेट पेंशनर्स फेडरेशन के संयोजक राजकुमार दुबे एवं मीडिया प्रभारी भगवतीप्रसाद पंडित ने बताया कि विवादित धारा 49 (6) का विलोपन, डीआर का समय पर भुगतान, पुराने एरियर राशि का भुगतान, 30 जून/31 दिसम्बर को रिटायर्ड लोकसेवकों को वेतनवृद्धि, शिक्षकों को अर्जित अवकाश नगदीकरण, कम्युटेड पेंशन की वसूली अवधि को कम करने, आयुष्मान योजना एवं रेलवे कन्सेशन का लाभ 60 वर्ष आयु से देने, निशुल्क मेडिकल एवं औषधि सुविधा आदि जायज मांगों के समर्थन में दोनों राज्यों के 15 पेंशनर्स संगठन संयुक्त रूप से सोमवार को जिला एवं सम्भाग मुख्यालयों पर रैली धरना प्रदर्शन करने के पश्चात कलेक्टर- कमिश्नरों को मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम से संबोधित ज्ञापन सौपेंगे।

## विजय नगर में पहला 200 केवीए फास्ट सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशन का शुभारंभ हुआ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • विजय नगर में पहला 200 केवीए फास्ट सार्वजनिक इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग स्टेशन का शानदार समारोह और अनेक गणमान्य जनों की उपस्थिति में शुभारंभ हुआ। इस चार्जिंग स्टेशन का विधिवत उद्घाटन श्री पुष्यमित्र भार्गव, महापौर, इंदौर तथा श्री तुलसी सिलावट, माननीय जल संसाधन मंत्री, मध्य प्रदेश शासन द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों एवं प्रमुख हितधारकों की उपस्थिति में किया गया। यह पायलट ईवी चार्जिंग स्टेशन भारत के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर को समर्पित है, जो स्वच्छ एवं भविष्य-उन्मुख बुनियादी ढांचे को अपनाने में शहर की अग्रणी भूमिका को और



सशक्त करता है। यह स्टेशन एक साथ चार इलेक्ट्रिक वाहनों को फास्ट चार्ज करने में सक्षम है, जिससे लगभग 60 मिनट में वाहन चार्ज हो सकते हैं और उपयोगकर्ताओं को तेज एवं सुविधाजनक सेवा प्राप्त होती है। फास्ट चार्जिंग के अतिरिक्त, आगामी चरण में यहां दो पहिया एवं तीन-पहिया वाहनों के लिए बैटरी स्वैपिंग सुविधा भी विकसित की जाएगी, जिससे लास्ट-माइल एवं व्यावसायिक ईवी अपनाने को और गति मिलेगी।

## कुरैशी समाज के विकास के लिए विवाह को सरल बनाना आवश्यक- सनोबर अली कुरैशी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • राजधानी दिल्ली में कुरैश कॉन्फ्रेंस दिल्ली प्रदेश का दूसरा अधिवेशन हर्षोल्लास के साथ डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल हॉल, कनॉट प्लेस में संपन्न हुआ। अधिवेशन में समाज के प्रबुद्धजन, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुरैश कॉन्फ्रेंस (रजि.) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट सनोबर अली कुरैशी ने कहा कि कुरैशी समाज के विकास के लिए विवाह को सरल बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि निकाह को बोझ नहीं बल्कि रहमत के रूप में समझा जाना चाहिए, ताकि युवा वर्ग बिना किसी दबाव के वैवाहिक जीवन में प्रवेश कर सके। अधिवेशन की जानकारी देते हुए मध्य प्रदेश अध्यक्ष आफताब आलम कुरैशी ने बताया कि इस वर्ष अधिवेशन का



मुख्य विषय था— निकाह एक रहमत है, न कि ज़हमत तथा शिक्षा को हां कहें और दहेज़ को ना कहें। उन्होंने कहा कि समाज में मज़हबी कमजोरी, जागरूकता की कमी और शिक्षा का अभाव बड़ी चुनौतियाँ हैं। इसके साथ ही फिजूलखर्ची वाली रस्में, दहेज़ जैसी कुप्रथाएँ और परंपरागत अनावश्यक रिवाज समाज की प्रगति में बाधक हैं।

## 'जीवनघातक बीमारियों के उपचार में योग विधा की महती भूमिका है'

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • 'हृदय रोग, डायबिटीज, आर्थराइटिज, मानसिक तनाव जैसी बीमारियों को योगिक जीवन शैली अपनाकर काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, आवश्यक विश्राम, शरीर शिथलीकरण, मेडिटेशन, धनात्मक विचार, नियमित जांचे-यही आदर्श जीवन की विभिन्न सीढ़ियां है। युवा वर्ग को यह बात समझकर, प्रतियोगिता व आपाधापी में इसे ही अपनाकर जीवन में संतुलन बनाना होगा द्य हालाँकि योग विधा का उपचार में उल्लेख ग्रंथों में नहीं है, लेकिन सामन्यत: ऐक योग साधक से बीमारियाँ दूरी बनाए रखती है द्य ' उक्त उद्गार श्याम रतन इंस्टिट्यूट ऑफ पेरामेडिकल साइंसेस द्वारा संचालित मेडिकल योग थेरापीस्ट कोर्स की द्वितीय बेच के शुभारंभ में मुख्य अतिथि डॉ एके पंचोलीया, विशेष अतिथि सर्जन डॉ विजय निचानी, डॉ अखिलेश भार्गव ने व्यक्त किए।



## भोपाल की ताल के चौपाल से



# एसडीएम साहब का एटीएम, नेताजी की शायरी, अफसरों का इंतजार और इनकम टैक्स की वो वाली रेड

बोल हरि बोल



हरीश दिवेकर

मध्यप्रदेश में एसडीएम साहब के वित्तीय मॉडल से लेकर इनकम टैक्स छापेमारी तक, राजनीति और प्रशासन की दिलचस्प घटनाएं इन दिनों चर्चा में है। आज के बोल हरि बोल में पढ़िए सत्ता और अफसरशाही पर ये दिलचस्प किस्से... मध्यप्रदेश अजब-गजब है। अब देखिए न एक एसडीएम साहब ने खुद से इतना भयंकर कमिटमेंट किया है कि वे उसे पूरा करने के लिए पूरा जोर लगा देते हैं। जब तक एक पेटी की जुगाड़ नहीं होती, वे पीछे नहीं हटते। इनकम टैक्स की माया और अपरंपार है। कमिश्नर साहब टिप देते हैं और उनकी टीम एक्स्ट्रा एक्टिव होकर काम में जुट जाती है और फिर भ्रष्टाचारियों का काम लगा देती है। चंबल के एक नेताजी अपने शायराना अंदाज से फिर चर्चाओं में हैं। खैर, देश, प्रदेश में खबरें तो और भी बहुत हैं। आप तो सीधे नीचे उतर आईए और वरिष्ठ पत्रकार हरीश दिवेकर के लोकप्रिय कॉलम के रोचक किस्सों का आनंद लीजिए।

### साहब की टिप से टीम की टपाटप!

सेल टैक्स डिपार्टमेंट इन दिनों कुछ ज्यादा ही एक्शन मोड में दिख रहा है। कमिश्नर की एक-एक टिप पर रेड टीमें फौरन एक्टिव हो जाती हैं। सुबह-सुबह गाड़ियां निकलती हैं और शाम होते-होते किसी व्यापारी के यहां छापा पड़ जाता है। बाहर से तस्वीर बड़ी सख्त लगती है, मानो टैक्स चोरी के खिलाफ जंग छिड़ गई हो, लेकिन अंदरखाने की कहानी कुछ और ही बयां कर रही है। सूत्र बताते हैं कि रेड के दौरान कागजों की पड़ताल से ज्यादा अहमियत सेटलमेंट को मिल रही है। हिसाब-किताब टेबल पर नहीं, बंद कमरों में सुलझता है। पार्सली सेटिंग होती है और मामला वहीं शांत हो जाता है। इस कवायद से सब खुश हैं। विभाग के खाते में टैक्स की कुछ रकम आ जाती है। ऊपर से कार्रवाई का रिकॉर्ड भी बन जाता है। उधर, रेड टीम की भी बल्ले-बल्ले हो जाती है।

### एसडीएम है या एटीएम?

इंदौर से सटे एक जिले में इन दिनों एक एसडीएम साहब सुर्खियों में हैं। इसकी वजह कोई प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि उनका नया आर्थिक मॉडल है। लोग अब पूछ रहे हैं कि ये एसडीएम हैं या एटीएम? फर्क बस इतना है कि ये एटीएम पैसे उगलता नहीं, सीधा निगलता है। बताते हैं कि एसडीएम साहब का खुद से कमिटमेंट है कि उन्हें रोज कम से कम एक लाख चाहिए, उससे कम मंजूर नहीं है। यह कोई अंदाजे का खेल नहीं है, बल्कि पूरा प्लानिंग वाला सिस्टम है। साहब कैलेंडर के हिसाब से काम कर रहे हैं। किस दिन, किस काम से कितना निकलना है, इसका गणित साहब को रटा हुआ है।

### लिस्ट क्यों अटकी है

मध्यप्रदेश में प्रमुख सचिव और सचिव स्तर के अफसरों के तबादलों की एक लिस्ट दो महीनों से मंत्रालय की चौथी से पांचवीं मंजिल पर घूम रही है, लेकिन फैसला नहीं हो पा रहा। पहले बिहार चुनाव में डॉक्टर साहब के बिजी होने का हवाला देकर फाइल अटकी रही। अब जनवरी में लिस्ट निकालने की बात कही जा रही है। दरअसल, 2010 बैच के अधिकारियों को सेक्रेटरी पद पर प्रमोट होना है। ऐसे में कहा जा रहा है कि उनकी पदोन्नति के बाद नई पोस्टिंग होना है। उसी लिस्ट में पहले वाली लिस्ट भी निकाल देंगे। ये तो वो बात है, जिसकी अफसरों में चर्चा है, लेकिन अंदरखानों की मानें तो कुछ नामों पर चौथी और पांचवीं मंजिल पर सहमति नहीं बन पा रही है। इसी वजह से मामला अटका है।

### शायर नेताजी!

ग्वालियर-चंबल के सियासी गलियारों में एक बार फिर शायराना माहौल बन गया है। वजह हैं इलाके के चर्चित नेताजी, जिनका अंदाज इन दिनों कुछ ज्यादा ही अल्फाजी हो चला है। गृह मंत्री अमित शाह के दौरे ने नेताजी की धड़कनें और उम्मीदें दोनों बढ़ा दी हैं। शाह के जाते ही जब मीडिया ने पंडित जी से सवाल किया तो जवाब सियासत का नहीं, शायरी का मिला। बोले- समंदर खंगालने वाले हमारी कमियां ढूंढ़ रहे हैं, जिनकी अपनी चड्डियां फटी हैं, वो हमारी टोपियां उछालने में लगे हैं। अब इस शेर के मायने निकालने का खेल शुरू हो गया है। सियासी पंडित पूछ रहे हैं कि तीर किस ओर चला है? निशाने पर अपने लोग हैं या विरोधी खेमा? जुबान से नाम नहीं निकला, लेकिन इशारे तीखे बताए जा रहे हैं। उधर, अमित शाह से मुलाकात की तस्वीरें भी चर्चा में हैं। एक वीडियो में तो कान में खुसुर-फुसुर भी दिखी। मिलने के बाद नेताजी के चेहरे पर जोश साफ नजर आया।

### मामा कौन सी भाषा सीखे रहे?

सूबे के पूर्व मुखिया ने दक्षिण की धरती से ऐसा बयान दे दिया है, जिसने सियासी गलियारों में नई बहस छेड़ दी है। तमिलनाडु के होसुर में मंच से मामा बोले कि हर भारतीय को कम से कम एक दक्षिण भारतीय भाषा जरूर सीखनी चाहिए। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी जोड़ दिया कि वे खुद भी एक दक्षिण भारतीय भाषा सीखने की कोशिश में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की भाषाई विविधता हमारी ताकत है और एक-दूसरे की भाषा सीखने से राष्ट्रीय एकता मजबूत होती है। सुनने में बात बिल्कुल आदर्शवादी लगी, लेकिन सियासत में आदर्श कम और संकेत ज्यादा देखे जाते हैं। राजनीतिक गलियारों में फुसफुसाहट है कि मामा का यह बयान यूं ही नहीं आया। क्या यह भविष्य की किसी भूमिका की तैयारी है?

### चाय की प्याली में उठा तूफान...

विपक्ष में चाय की प्याली में तूफान सा उठा है। हां तूफान। अब मध्यप्रदेश कांग्रेस में मीडिया और कम्युनिकेशन विभाग को लेकर विवाद सामने आया है। इसे लेकर प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभागाध्यक्ष मुकेश नायक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पीसीसी चीफ जीतू पटवारी को पत्र लिखकर कहा कि नए नेताओं को मौका मिलना चाहिए, इसलिए वे पद छोड़ रहे हैं। नायक के इस्तीफे से संगठन में हलचल मच गई है। प्रदेश कांग्रेस के संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले ने उनका इस्तीफा अस्वीकार कर दिया है। बावजूद इसके, नायक अपने फैसले पर अड़े हैं और इस्तीफा वापस नहीं लेंगे। आपको बता दें कि नायक ने हाल ही में पूर्व मंत्री दीपक जोशी की शादियों पर तंज कसा था।

सांध्य दैनिक इंदौर संकेत

## आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं।

दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता

5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर, गुरुद्वारे के सामने, इंदौर

संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## समाधानयोजना का प्रथम चरण 31 दिसंबर तक, उठाएं सरचार्ज में 100% तक रियायत का लाभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मप्र शासन द्वारा लागू समाधान योजना 2025-26 का लाभ लाखों बकायादार उपभोक्ता उठा रहे हैं। मप्रपक्षेविविकं ने उपभोक?ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक?ता योजना के प्रथम चरण में ही अपना बकाया बिल एकमुश?त जमा करके सौ फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 का प्रथम चरण चल रहा है, जो कि 31 दिसंबर को समाप्त होगा। अभी बकायादार उपभोक्ताओं को सरचार्ज में अधिकतम छूट का लाभ मिल रहा है। 1 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक दूसरा चरण चलेगा, उसमें सरचार्ज माफी का अंश थोड़ा कम हो जाएगा, इसलिए प्रथम चरण में ही समाधान योजना में शामिल होकर सर्वाधिक लाभ उठाएं। शुक्रवार रात तक मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 2.65 लाख बकायादार उपभोक?ताओं ने अपना पंजीयन कराकर रियायत लाभ लिया है। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में करीब 75 करोड़ रू की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 7 करोड़ 30 लाख का सरचार्ज माफ किया गया है। प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया जमा राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के प्रथम चरण में सरचार्ज में 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किश्तों का दिसंबर अंत तक विकल्प मिल रहा है । पश्चिम विद्युत वितरण कंपनी इंदौर से संबंधित उपभोक्ता वेबसाइट पर पंजीयन कराना सकते हैं, साथ ही मालवा निमाड़ के 434 जोन, बिजली वितरण केंद्र पर संपर्क किया जा सकता है।

## रतन टाटा की विरासत को सलाम: 'ट्रैफिक प्रहरियों' के साथ मनाई गई दिग्गज उद्योगपति की जयंती



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • उद्योगपति और विनम्रता की प्रतिमूर्ति सर रतन टाटा की जयंती के अवसर पर, 'टाटा ग्रीन' टीम ने सेवा और समर्पण की एक अनूठी मिसाल पेश की। पलासिया स्थित सेल्फी पॉइंट पर आयोजित एक समारोह में शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने वाले असली नायकों-यातायात प्रहरियों का आत्मीय सम्मान किया गया। टाटा ग्रीन के क्षत्रिय प्रबंधक जावेद खान ने बताया कि रतन टाटा का सदैव यह मानना था कि नेतृत्व का सर्वोत्तम रूप दूसरों की सेवा में निहित है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए, टाटा ग्रीन की टीम ने उन 'बेआवाज रक्षकों' के जज्बे को सलाम किया, जो चिलचिलाती धूप, बारिश और धूल-मिट्टी की परवाह किए बगैर इंदौरवासियों की सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित करते हैं। अरे ओ भिया फेम प्रबंधन मित्र राजकुमार जैन ने कहा कि यह आयोजन केवल एक जयंती समारोह नहीं था, बल्कि रतन टाटा की सहानुभूति व मानवीय मूल्यों वाली विरासत को आगे ले जाने का एक प्रयास था।

**इन यातायात प्रहरियों का हुआ सम्मान:** कार्यक्रम में अपनी सेवाएं देने वाले जिन कर्मठ यातायात प्रहरियों की उपस्थिति रही और जिनका सम्मान किया गया, वे हैं: अरुण घोलप, श्याम बिहानी, ईश्वर चौधरी, बलवंत टपाल, राकेश चौहान, जफर खान, राहुल पाल, राजकुमार जैन, अख़्तर खान, राजेंद्र जैन, संगीता तिवारी, सरोज सोमानी, आदित्य तिवारी, जावेद खान, रिद्धि बिड़ला, मुरली खंडेलवाल, नेहा शर्मा, सुरेंद्र चौहान चार्ली और राधेश्याम जाखेटीया।

# सम्पादकीय

## कनाडा में भारतीयों की सुरक्षा का सवाल, भारत सरकार उचित कार्रवाई का दबाव बनाए

हाल के वर्षों में कनाडा में भारतीयों पर हमले की खबरें आए दिन आती रहती हैं, जिससे वहां की कानून व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। कनाडा में दो सप्ताह के भीतर दो भारतीयों की हत्या ने सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता पैदा कर दी है। पिछले हफ्ते टोरंटो में एक भारतीय महिला की उसके आवास पर हत्या कर दी गई। दूसरी घटना में टोरंटो विश्वविद्यालय के स्कारबोरो परिसर के पास बीस वर्षीय एक भारतीय शोध छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इन वारदात के पीछे क्या कारण थे और इसे किसने अंजाम दिया, इसकी जांच पुलिस कर रही है, लेकिन सवाल है कि आखिर कनाडा में भारतीय मूल के लोगों पर हमले क्यों हो रहे हैं? क्या यह नस्लीय नफरत से उपजी कुंठा और आक्रामकता का नतीजा है या फिर किसी सोची-समझी साजिश की कड़ियां, जो लक्षित तरीके से हमलों का जाल बुना जा रहा है! कनाडा के एक अस्पताल में हाल में इलाज का इंतजार कर रहे भारतीय मूल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जाता है कि इस व्यक्ति को आठ घंटे से अधिक समय तक इंतजार करने के बाद भी उपचार नहीं मिला और हृदयघात से उसकी जान चली गई। यह घटना न केवल चिकित्सकों की लापरवाही दर्शाती है, बल्कि भारतीय मूल के लोगों के साथ भेदभाव की ओर भी इशारा करती है। गौरतलब है कि कनाडा में भारतीयों और भारतीय मूल के लोगों की संख्या अच्छी-खासी है। हर साल बड़े पैमाने पर भारतीय युवा वहां उच्च शिक्षा ग्रहण करने जाते हैं। नीति आयोग की हाल की एक रपट के मुताबिक, उच्च शिक्षा हासिल करने के मामले में भारतीय विद्यार्थी के लिए कनाडा पहली पसंद है। इसके बाद अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और जर्मनी का स्थान आता है। पिछले वर्ष कनाडा में सवा चार लाख भारतीय विद्यार्थी अध्ययनरत थे। इसके अलावा कनाडा की नागरिकता लेकर वहां बसे भारतीयों की संख्या पंद्रह लाख से अधिक है। ऐसे में सवाल है कि जो भारतीय पढ़ाई या नौकरी के लिए कनाडा जाते हैं, या जो वहां के स्थायी नागरिक बन गए हैं, उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी वहां की सरकार और सुरक्षा एजंसियों की नहीं, तो और किसकी है? हाल के वर्षों में कनाडा में भारतीयों पर हमले की खबरें आए दिन आती रहती हैं, जिससे वहां की कानून व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है।

# पाकिस्तानी हुक्मरानों को बेनक़ाब करती फ़िल्म धुरंधर

फ़िल्म देखने के पूर्व समीक्षाए पढना माइंड सेट करती है। धुरंधर को देखने से पूर्व इसकी तमाम समीक्षाओं ने भी यही किया। लेखकों ने समीक्षाओं में अपने विचारों को थोपने की कोशिश भी की। असल में फ़िल्म धुरंधर सभी समीक्षाओं के पार अपने नाम के अनुरूप दर्शकों के मन को भा गयी। फ़िल्म देखकर यह महसूस हुआ की फ़िल्मी समीक्षाए पढ़कर किसी भी प्रकार की धारणाओं का निर्माण फ़िल्म के साथ अन्याय होता है। धुरंधर के विषय में कुछ ऐसी ही स्थिति बनी। आमतौर पर जब छोटे शहरों में सिनेमाघर संकट के दौर से गुजर रहे हो, बरसों बाद कुछेक मूवी इन बदहाल सिनेमा घरों को गुलजार कर जाती है, फ़िल्म धुरंधर भी इसी श्रेणी की फिल्मो में शामिल की जा सकती है। इस दौर में सच कहना, लिखना और दिखाना साहसिक कार्य हो गया है फिर फिल्मो के माध्यम से सच दिखाना तो और भी कठिन हो गया है। बरसों में एक दो फ़िल्म सच कह पाती है धुरंधर उनमे से एक है। इस फ़िल्म में भारत के पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान के हुक्मरानों को बेनक़ाब किया गया है जो बरसों से भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहे है। उन्होंने भारत को अशांत करने के लिए सारी मर्यादाओ को तोड़ दिया।




पाकिस्तान प्रायोजित आंतकवाद ने भारत की संसद पर हमला किया, मुंबई में 26/11के हमले को अंजाम दिया, नकली करेंसी भेजकर भारतीय अर्थ व्यवस्था को नुकसान पहुंचाया, भारत के कश्मीर सहित सीमावर्ती राज्यों में लगातार लम्बे समय तक आंतकी गतिविधियों को अंजाम दिया। यह सब पाकिस्तानी हुक्मरानों के इशारों पर पाकिस्तान में चल रहे आतंक के कारखानों, पाक सेना द्वारा प्रशिक्षित आतंकियों ने भारत में घुसकर किया।

धुरंधर आदित्य धर द्वारा लिखित ऐसी ही एक्शन फ़िल्म है। इसमें रणवीर सिँह, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त, सारा अर्जुन और राकेश बेदी का शानदार अभिनय है। मानव गोहिल, दानिश पंडोर, सौम्या टंडन, गौरव गेरा और नवीन कौशिक सपोर्टिंग रोल में है।

फ़िल्म की शुरुवात 2001 में हुए संसद पर हमले के बाद विदेश मंत्री देवव्रत कपूर और आईबी के निदेशक के मध्य बातचीत से होती है। जिसमे कपूर, सन्याल के 'आपरेशन धुरंधर' को मंजूरी देते है। सन्याल भारतीय ऐजेंट हमजा अली मजारी को अफगानिस्तान के रास्ते पाकिस्तान भेजते है। हमजा की कराची के ल्यारी में मुलाक़ात मोहम्मद आलम से होती है, जो जूस की दुकान का मालिक है। हमजा जूस की दुकान पर वेटर का काम करता है, इस दौरान उसे गेंगस्टर रहमान डकैत और उसके विरोधी गैंग का पता चलता है। बलूच होने के नाते हमजा सिर्फ रहमान के गिरोह में ही शामिल हो सकता है। हमजा रहमान के गिरोह में शामिल होने की ताक में रहता है। इसी दौरान आलम और हमजा को पता चलता है की रहमान से अलग हुए बाबू डकैत के नैतृत्व में एक पठान गिरोह, रहमान के बड़े बेटे नईम बलूच को मारने की योजना बना रहे है। अगले दिन बाबू के आदमी एक शादी पर हमला करते है, जिसमे नईम और उसका छोटा भाई फैजल भी शामिल होता है। हमजा फैजल को बचा लेता है, लेकिन नईम मारा जाता है। अस्पताल में हमजा रहमान और उजेर से मिलता है, यहां से हमजा रहमान की गैंग में शामिल हो जाता है। गैंग में शामिल होकर अपने कामों से रहमान का खास बन जाता है। हमजा यहीं से पाकिस्तानी सरकार के हुक्मरानों और आतंक के सरगनाओं की निकटता को देखता है। पाकिस्तान की राजनीति के बड़े नाम रहमान जमाली, व्यवसाई खनानी बंधुओ, आईएसआई प्रमुख मेजर इक़बाल और रहमान डकैत की निकटता पाकिस्तानी मानसिकता को उजागर करती है। हमजा इस पूरी जुगलबंदी की भारत विरोधी गतिविधियों का साक्षी बनता है। हमजा भारत की इंटलीजेन्स को सूचनाएं भी भेजता है। हमजा द्वारा भेजी जानकारी के बाद भी 26/11 जैसी घटना घटित होती है। हमजा इसे देखकर आश्चर्यचकित रहा जाता है। वह पाकिस्तानी आंतकी गठजोड़ को खत्म करने का संकल्प लेता है। इस कार्य में जमील की बेटी यलीना से प्रेम और फिर शादी करता है। ये सबंध हमजा और जमील की निकटता को बढ़ाते है। रहमान डकैत के नेटवर्क को खत्म करने के लिए वह जमील और असलम के साथ सौदा करता है। 9 अगस्त 2009 को इसी योजना के तहत रहमान डकैत का खेल खत्म होता है।

फ़िल्म में हमजा अली जमाली की भूमिका रणवीर कपूर ने बखूबी निभाई रणवीर का लुक, बाड़ी और हावभाव ने उनकी अदाकारी का लोहा मानने को मजबूर कर दिया। रहमान डकैत के रोल में अक्षय खन्ना ने जान डाल दी है भूमिकाए सभी अच्छी निभाई गयी, फ़िल्म तीन घंटे में 30 साल की कहानी कह गयी। इस फ़िल्म ने पाकिस्तान की भारत विरोधी मानसिकता को उजागर किया है। जिसे भारतीय जनमानस लम्बे समय से महसूस करता आ रहा था, किंतु देख नही पाता था। फ़िल्मी परदे के माध्यम से पाकिस्तानी कारतूतों का सच उसी प्रकार दिखाई दिया जो भारत के नागरिको की सोच में शामिल था। फ़िल्म कितना कुछ बता पाई कितना बचा रह गया इसका अनुमान तो नहीं लगाया जा सकता है, किंतु भारत में अशांति फैलाने की पाकिस्तानी कोशिशो को नाकाम किया जाना बहुत जरुरी है। आपरेशन सिंदूर भारत की ऐसी ही कोशिश थी। जिसमे भारतीय सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंक के कारखानों को नेस्तनाबूत किया था।

धुरंधर फ़िल्म का असली नायक हमजा अली जमाली है जो भारत के लिए जासुसी करने पाकिस्तान की धरती पर पहुंचाया गया था। फ़िल्म के बाद विभिन्न माध्यमो से इस किरदार के बारे में जानकारी एकत्रित करने पर ज्ञात हुआ की उक्त किरदार भारतीय सैनिक जसकिरत सिँह रंगी है, जिसे जासुसी के लिए पाकिस्तान भेजा गया था। कुछेक माध्यम रंगी को एक कैदी भी बता रहे है जिसने खुद को छुड़ाने के लिए पाकिस्तान जाना भी मंजूर किया। असल में इस कार्य के लिए साहसी जीने का मकसद खो चुके व्यक्ति की तलाश थी, रंगी को यह भूमिका दी गयी थी। इन जानकारियों में कितनी सच्चाई है यह तो कह पाना मुश्किल है, किंतु इतना जरूर कहा जा सकता है की फ़िल्म के निर्माता निर्देशक ने सच्ची कहानी से जुडी फ़िल्म बताया है।

असल में पाकिस्तान के हुक्मरानों ने अपनी सत्ता को बनाए रखने के लिए भारत में आतंकी गतिविधियों को बरसों तक अंजाम दिया है। सच्चाई यह भी है की पाकिस्तान के सत्तानवीशो का चरित्र कभी भी मानवीय नही रहा। यही कारण रहा की पाकिस्तान प्रगति की दौड़ में पिछड़ गया। जबकि भारत ने पाकिस्तान की काली कारतूतों का जवाब भी दिया और दुनियाँ को यह दिखाने में कामयाब भी हो गया की पाकिस्तान की जमीन आतंक के कारखानों के रुप में उपयोग की जाती रही है। आपरेशन सिंदूर इन्ही कारखानों को नेस्तनाबूत करने की कार्यवाही थी। फ़िल्म धूरंधर ने तीन घंटे में बरसों से जारी पाकिस्तानी हुक्मरानों की भारत विरोधी नीतियों और काली कारतूतों को बेनक़ाब करने की कामयाब कोशिश की है।



**नरेंद्र तिवारी** 'स्वतंत्र लेखक'
7, शंकरगली मोतिबाग सेंधवा जिला बड़वानी मप्र।

# आंचलिक

## कांग्रेस ने मनाया 140वां स्थापना दिवस, सिरलाय में हुआ कार्यक्रम; मनरेगा प्रावधानों में बदलाव की निंदा की

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● बड़वाह ब्लॉक कांग्रेस ने रविवार को पंचायत क्षेत्र सिरलाय में कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम में पार्टी के इतिहास, विचारधारा और देश के लिए दिए गए योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के चित्र पर तिरंगा सूत और पुष्पमाला अर्पित कर शहीदों और महान नेताओं को नमन किया। कार्यक्रम का आयोजन नव-नियुक्त ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 'भारत माता की जय' और 'कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद' के नारे लगाए। बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा राष्ट्रहित, संविधान की रक्षा और सामाजिक व धार्मिक समानता पर आधारित है। उन्होंने कहा कि पार्टी आने वाले समय में एक मजबूत और सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाते हुए सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध करती रहेगी।



### मनरेगा प्रावधानों में बदलाव का विरोध

प्रवीण शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना के नाम, स्वरूप और प्रावधानों में किए गए बदलावों की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि ऐसे फैसले ग्रामीण रोजगार और विकास की मूल भावना के खिलाफ हैं और इससे गरीब व ग्रामीण वर्ग प्रभावित हो रहा है।

### भ्रष्टाचार और बजट कटौती के मुद्दे उठे

जनपद सदस्य प्रतिनिधि और सेवादल के जिला उपाध्यक्ष संतोष मालवीय ने मनरेगा सहित अन्य योजनाओं में भ्रष्टाचार और वित्तीय आवंटन में कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के फैसले आम जनता के हितों पर नकारात्मक असर डाल रहे हैं।

### कार्यकर्ताओं से एकजुट रहने का आह्वान

नगर पालिका पार्षद अनिल कानूनगो, यशवंत मंसोरे, युवा कांग्रेस प्रभारी हिम्मत पटेल और युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष खुमानसिंह पटेल ने भी अपने विचार रखे। सभी नेताओं ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

## संसद में 'सरकारी झूठ' की डिटेल मांग चुके 5 सांसद, पड़ोसी के छत की पाइप को बता दिया वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा**● नारायण नगर की रहने वाली टीचर संध्या राजपूत को उच्च अधिकारियों की ओर से कहा गया था कि आपको अपने घर पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाना है। उनके घर से कुछ घर दूर एक मकान की छत से पाइप डली हुई थी। यह छत के पानी को नाली में पहुंचाने के लिए लगी है। उन्होंने इसे वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बताया और उसी मकान की फोटो खिंचवाकर दे दी। यह केस बयां कर रहा है, खंडवा जिले के जल संचयन, जन भागीदारी अभियान की हकीकत को। यहां हुए कामों की गूंज संसद में गूंजी तो स्थानीय स्तर पर भी हंगामा शुरू हो गया। कांग्रेस पार्षद और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष दीपक (मुल्लू) राठौर का सवाल है कि जल संचयन, जन भागीदारी अभियान में खंडवा जिले ने जो आंकड़े पेश किए हैं, उस हिसाब से जिले में जल संरक्षण को लेकर सवा लाख से ज्यादा काम हुए हैं।

यह जिले में कुल निवासरत ढाई लाख परिवारों का आधा हिस्सा होता है। अगर वास्तव में जमीन पर काम हुआ है तो इस अभियान ने जन आंदोलन का रूप क्यों नहीं ले लिया। हकीकत यह है कि खंडवा का एक परिवार ऐसा नहीं है, जिसने इस अभियान में हिस्सा लिया हो। राठौर का दावा है कि जल संचयन अभियान में जनभागीदारी तो दूर की बात, आपको जिले के जनप्रतिनिधि और सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों के घरों तक में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं मिलेंगे। शहर के जो प्रबुद्ध लोग हैं, मैं तो कहूंगा, उन्हें तो इस अभियान के बारे में पता तक नहीं होगा।



अब सरकारी आंकड़े तो आंकड़े होते हैं, अफसर तो इस खेल में माहिर हैं। जल संचयन, जन भागीदारी अभियान पर सवाल तब उठे हैं, जब जिले ने देश में नंबर-1 का स्थान पाया। बतौर सम्मान स्वरूप राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने कलेक्टर ऋषव गुप्ता और सीईओ जिला पंचायत डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा को दो करोड़ रुपए की इनाम राशि भी दी है। पुरस्कार मिलने के बाद पता चला कि जिले में पानी बचाने को लेकर सवा लाख से ज्यादा काम किए गए हैं, तो यह बात किसी को हजम नहीं हुई। जल संचयन अभियान में खंडवा को देश में पहला स्थान मिलने के बाद जिले के नेता तो आश्चर्य में पड़े ही, इसकी गूंज देश के दूसरे राज्यों तक पहुंच गई। खंडवा सांसद सहित दक्षिण भारत के राज्यों से जुड़े चार सांसदों ने संसद में सवाल लगा दिया। उन्होंने पूछा कि जल संचयन को लेकर क्या-क्या काम किए गए हैं, भूजल स्तर पर इसका कितना असर हुआ है, खासकर खंडवा जिले में...यह जानकारी दी जाए।

## जिला दंडाधिकारी ने इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर भारी वाहनों पर लगाया पूर्ण प्रतिबंध

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री भव्या मित्तल ने जन सामान्य की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत एवं मोरटक्का पुल की संरचनात्मक क्षमता को ध्यान में रखते हुए 27 दिसम्बर से 05 जनवरी 2026 तक इंदौर-इच्छापुर मार्ग पर भारी मालयानों पर प्रतिबंध लगाया है। दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह और नववर्ष के आरम्भ में ओंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग दर्शन के साथ-साथ पावन नर्मदा नदी में स्नान हेतु दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं के प्रतिदिन आगमन की सम्भावना है, जन सामान्य की सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए यह मोरटक्का पुल मार्ग को भारी वाहनों को उक्त अवधि में प्रतिबंधित किया गया है तथा भारी वाहनों के आवागमन में कोई व्यवधान ना हो इस हेतु अन्य वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था भी की गई है। केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 और नियम 1994 के नियम 215 के तहत जारी इस आदेश के अनुसार 27 दिसंबर से 5 जनवरी 2026 तक प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक इंदौर-इच्छापुर हाईवे पर भारी वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से बंद रहेगा। खंडवा की ओर से आने वाले भारी वाहन बड़वाह तहसील में प्रवेश कर देशगांव होते हुए खरगोन-धामनोद से एबी रोड तक पहुंचेंगे, जबकि इंदौर से आने वाले वाहन खरगोन जिले से होते हुए देशगांव से गंतव्य तक जाएंगे। यह आदेश 27 दिसम्बर से 05 जनवरी 2026 तक प्रभावशील

## भाजपा के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत, जिला उपाध्यक्ष सुराणा बोले- कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● भारतीय जनता पार्टी के खरगोन जिले के नवनियुक्त मंडल पदाधिकारियों का रविवार को बड़वाह नगर में स्वागत किया गया। यह स्वागत जिलाध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे द्वारा जारी सूची के बाद किया गया। जय स्तंभ चौराहे पर 'लाला बना मित्र मंडल' की ओर से जेसीबी से पुष्पवर्षा की गई।

**दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया**- नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सुराणा, प्रभात कैलाश पंडित, जिला महामंत्री विवेक भटोरे, हरेसिंह चावड़ा, जिला मंत्री प्रहलाद पटेल और मन की बात प्रभारी दीपक ठाकुर को पूर्व मंडल अध्यक्ष तोमर ने सम्मानित किया। उत्साही कार्यकर्ताओं ने जेसीबी पर खड़े होकर भी पुष्पवर्षा की।




**जिला उपाध्यक्ष बोले- कार्यकर्ता संगठन की रीढ़** - इस दौरान जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र सुराणा ने कहा कि यह सम्मान सभी पदाधिकारियों को नई ऊर्जा देगा और संगठन को जिले में और मजबूत बनाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं, जिला उपाध्यक्ष प्रभात पंडित ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताते हुए कहा कि सभी को निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी से जुड़े रहना चाहिए। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अंकित गुप्ता और पूर्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष सन्नी भाटिया ने भी सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। पूरे आयोजन के दौरान नगर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

## सीसीटीवी से ओंकारेश्वर में की जा रही मॉनिटरिंग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा**● पुनासा एसडीएम पंकज वर्मा ने शुक्रवार को कंट्रोल रूम मांधाता में नप, पुलिस प्रशासन, राजस्व, पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य विभाग सहित एनएचआई के अलावा श्रीजी ज्योतिर्लिंग मंदिर ट्रस्ट की बैठक ली। इसमें अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देश दिए। एसडीएम ने मूलभूत सुविधाओं के साथ आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल व्यवस्था शौचालय यातायात दर्शन अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी कैमरे से प्रशासन द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है।

# हॉकी इंदौर एसोसिएशन ने हॉकी हरदा को 9-0 से पराजित किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • हॉकी मध्यप्रदेश द्वार 24 दिसंबर से बालाघाट मे आयोजित मध्यप्रदेश स्टेट सीनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप मे आज सुबह हॉकी इंदौर एसोसिएशन व हॉकी हरदा टीम के बीच मैच खेला गया जिसमे इंदौर टीम ने हरदा टीम को एकतरफा 9-0 से पराजित कर प्री क्वार्टर में प्रवेश किया। इंदौर टीम ने शुरुआत से ही दबदबा बनाया हाफ टाइम तक 4-0 से बढ़त बनाए हुए थे हाफ टाइम के बाद इंदौर टीम ने आक्रमण शुरुआत कर मैच समाप्ति तक 5 गोल कर अपनी टीम को 9-0 से जीत दिलाई विजयी टीम के ओर से मयूर तलोदिया 2,अदनान खिलजी 2, सौरभ डंडे,यश सोंलकी,अंकित गौड, विश्वेश्वर सिंह ठाकुर, अजय गहलोत, ने एक एक गोल किए इंदौर टीम का अगला मैच रविवार को भोपाल टीम से होगा।उक्त जानकारी हॉकी इंदौर एसोसिएशन के सचिव किशोर शुक्ला ने दी ।



## लॉरा हैरिस का टी-20 में कमाल; 15 गेंदों में बनाया अर्द्धशतक

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • वूमंस सुपर स्मैश लीग में सिडनी थंडर के लिए निराशाजनक प्रदर्शन के बाद, लॉरा हैरिस ने रविवार को ओटागो के लिए 15 गेंदों में अर्द्धशतक बनाकर महिला सुपर स्मैश में तुरंत प्रभाव डाला। यह महिला टी20 में (जहां डेटा उपलब्ध है) संयुक्त रूप से सबसे तेज अर्द्धशतक है, जो 2022 में वारविकशायर के लिए ग्लॉस्टरशायर के खिलाफ मैरी केली द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड के बराबर है। ओटागो के लिए अपने पहले मैच में, बड़े शॉट लगाने के लिए जानी जाने वाली अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हैरिस ने कैंटरबरी के खिलाफ ओटागो के 146 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। लॉरा हैरिस छठे ओवर में 46 रन पर दो विकेट गिरने के बाद मैदान पर आई और यह सुनिश्चित किया कि उनकी टीम 15वें ओवर तक लक्ष्य को पार कर ले। उन्होंने एलेक्जेंड्रा के मोलिनक्स पार्क में 17 गेंदों में 52 रन बनाए, जिसमें छह चौके और चार छक्के शामिल थे।

## स्टार्क डब्ल्यूटीसी सत्र में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने

**मेलबर्न (एजेंसी)** • ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने इंग्लैंड के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में दो विकेट लेने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। अब स्टार्क इस साल विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2025-27 सत्र में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गये हैं। अभी तक इस साल डब्ल्यूटीसी में सबसे अधिक विकेट भारत के में तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के नाम पर थे। वहीं अब सिराज दूसरे नंबर पर खिसक गये हैं।



स्टार्क पेसर स्टार्क ने डब्लयूटीसी 2025-27 में अब तक 7 मैचों की 14 पारियों में 41 विकेट लिए हैं। वहीं सिराज ने 9 टेस्ट मैचों में 39 विकेट अपने नाम किये हैं। स्टार्क ने अब तक इस एशेज 2025-26 सीरीज में सबसे अधिक विकेट लिए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ चार टेस्ट मैचों में उन्होंने 26 विकेट लिए हैं। स्टार्क ने अब तक 53 टेस्ट मैचों में 217 विकेट अपने नाम किए हैं। अगर वह एशेज सीरीज के पांचवें टेस्ट में 8 विकेट और हासिल कर लेते हैं, तो वह अपने ही साथी गेंदबाज नाथन लायन को पीछे छोड़कर डब्लयूटीसी इतिहास के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन सकते हैं। डब्ल्यूटीसी में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में तीसरे नंबर पर इंग्लैंड के जोश टंग हैं। टंग ने 5 मैच में 31 विकेट लिए हैं। वहीं दक्षिण अफ्रीका के साइमन हार्मर ने 4 मैच में 30 और इंग्लैंड के बेन स्टोक्स ने 8 मैच में 30 विकेट लिए हैं।

# फिल्म 'राजा साब' से डेब्यू कर रहीं मालविका



**मुंबई (एजेंसी)** • मालविका मोहनन ने धीरे-धीरे अपनी पीढ़ी की एक भरोसेमंद और उभरती हुई कलाकार के रूप में पहचान बनाई है। उन्होंने ऐसी फिल्मों में काम किया है, जहां उन्हें भारतीय सिनेमा के बड़े सितारों के साथ काम करने का मौका मिला। अलग-अलग इंडस्ट्री में मजबूत किरदार निभाते हुए उनका सफर मेहनत, आत्मविश्वास और अलग-अलग तरह की भूमिकाओं से भरा रहा है। अब उनके करियर में एक और अहम कदम जुड़ गया है, क्योंकि वह प्रभास के साथ बनी फिल्म 'द राजा साब' से तेलुगु सिनेमा में एंट्री कर रही हैं। मारुति के निर्देशन में बनी यह फिल्म उनकी तेलुगु इंडस्ट्री में बड़ी शुरुआत मानी जा रही है, जहां हम उन्हें देश के सबसे बड़े सुपरस्टार्स में से एक प्रभास के साथ पर्दे पर देखेंगे। 'द राजा साब' के प्री-रिलीज़ इवेंट में मंच से बोलते हुए मालविका मोहनन ने भावुक अंदाज़ में अपनी खुशी और आभार जताया।



## फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' का टीजर रिलीज

**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेता सलमान खान की फिल्म बैटल ऑफ गलवान का टीजर रिलीज हो गया है। फैंस को सलमान खान ने अपने 60वें जन्मदिन पर फैंस को बड़ा गिफ्ट दिया है। यह सिर्फ एक बर्थडे रिवील नहीं है, बल्कि देश की सीमाओं पर डटे भारतीय जवानों और उनके अटूट साहस को समर्पित एक दिल से दी गई श्रद्धांजलि भी है। बैटल ऑफ गलवान के टीजर में सलमान खान अपने अब तक के सबसे दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं। वह एक भारतीय सेना के अफसर की भूमिका में हैं। उनके चेहरे पर दिखती सख्ती, गुस्सा और शांत लेकिन मजबूत अंदाज बिना कुछ कहे बहुत कुछ कह रहा है। खासतौर पर वीडियो के आखिरी पलों में उनकी सीधी नजर दर्शकों से जैसे बात करती है, उसका गहरा असर छोड़ रही है। टीजर की सादगी भरी लेकिन ताकतवर झलक सीधे दिल और दिमाग पर असर छोड़ती हैं। ऊंचाई पर लड़ी जाने वाली जंग की मुश्किल जमीन और उसकी सच्ची हकीकत को भी ये टीजर साफ दिखाता है। इसकी शुरुआत में सलमान खान की आवाज सुनी जा सकती है। वो अपने साथी जवानों से कहते हैं, जवानों याद रहे, जख्म लगे तो मेडल समझना और मौत दिखे तो सलाम करना।




# उज्जैन संभाग

## सिंहस्थ 2028 को 'जीरो वेस्ट इवेंट' बनाने की तैयारी, 29 घाट, 19 ब्रिज, सिक्स लेन रोड

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • उज्जैन में होने वाला सिंहस्थ कुंभ अब करीब ढाई साल दूर है, लेकिन माहौल अभी से ही पर्व की भव्यता का एहसास कराने लगा है। नगर से लेकर प्रशासन तक हर स्तर पर तैयारियां चरम पर हैं। लक्ष्य बड़ा है- सिंहस्थ 2028 को देश का पहला 'जीरो वेस्ट कुंभ' बनाना। इसी के लिए शहर में 29 घाटों का नया रूप, 19 ब्रिजों का निर्माण, सिक्स लेन सड़क, मेडिसिटी और विशाल वाटर प्रोजेक्ट जैसे काम युद्ध स्तर पर चल रहे हैं। 27 मार्च से 27 मई 2028 तक चलने वाले इस महापर्व में 3 शाही स्नान और 7 पर्व स्नान निर्धारित हैं। अनुमान है कि उज्जैन इस बार 30 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की आस्था का संगम बनने जा रहा है। दो महीने के इस आयोजन को संभालने के लिए 20 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। 2016 के सिंहस्थ में जहां 5 से 7 करोड़ श्रद्धालु पहुंचे थे, वहीं इस बार संख्या लगभग छह गुना बढ़ने की उम्मीद है। इसी वजह से तैयारियों की रफ्तार और पैमाना, दोनों पहले से कहीं अधिक भव्य नजर आ रहे हैं।

सिंहस्थ को लेकर अधिकांश स्थाई निर्माण किया जा रहा है। खास बात ये कि सिंहस्थ के दौरान इस बार एक नई पहल के साथ मेला को 'जीरो वेस?ट इवेंट' बनाने का निर्णय लिया है। इस बड़े आयोजन को लेकर सीएम डॉ. मोहन यादव की मंशा अनुरूप कई बड़े कार्य सिंहस्थ कुंभ के लिए होना है। इसमें से कुछ काम शुरू भी हो चुके हैं।



**आपदा प्रबंधन के लिए पाइप लाइन डलेगी**- शाही स्नान वाले दिनों में आपदा प्रबंधन के लिए अधिकतम रिस्पांस समय 15 मिनट का तय किया गया है। इसके लिए लगातार मॉक ड्रिल करें और कार्य योजना बनाएं जाने के निर्देश कलेक्टर रौशन सिंह ने दिए हैं। उन्होंने कहा कि आग लगने की घटनाओं को तत्काल रूप से रोकने के लिए मेला क्षेत्र में पाइप लाइन भी डालें और यह सुनिश्चित करें कि छोटे फायर फाइटर वहां जल्दी पहुंच सकें।

**500 अस्थाई अस्पताल और कैंप लगाए जाएंगे**- कुंभ मेले में 500 अस्थाई अस्पताल और कैंप लगाए जाएंगे। स्वास्थ्य सुविधाओं को सिंहस्थ मेला क्षेत्र के अनुसार 6 जोन में बांटा जाएगा। स्वास्थ्य सेवाओं का डिजिटल रिकॉर्ड मेंटेन किया जाएगा। डॉक्टर और पेरामेडिकल स्टाफ की ट्रेनिंग आयोजित की जाएगी। सिंहस्थ के गर्मी के मौसम में आयोजन को दृष्टिगत रखते हुए इलेक्ट्रोलाइट की उपलब्धता समस्त मेला क्षेत्र में जगह-जगह सुनिश्चित की जाएगी।

## उज्जैन-मक्सी फोरलेन : एबी रोड से जोड़ने बायपास की जरूरत, सरकार से मांगी मदद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •सिंहस्थ के लिए बनाई जा रही उज्जैन-मक्सी रोड में नई अड़चन सामने आ गई। मक्सी रेलवे फाटक के बाद बनाई जा रही ब्रिज के कारण वर्तमान स्थान पर उज्जैन रोड को कनेक्ट नहीं किया जा सकता। एबी रोड के बायपास से जोड़ने के लिए विभाग को अलग से मशक्कत करना पड़ेगी, क्योंकि उज्जैन रोड को सीधे देवास की तरफ वाले हिस्से के बायपास से कनेक्ट करने के लिए एमपीआरडीसी के पास जमीन ही नहीं है। 273 करोड़ का उज्जैन-मक्सी हाईवे फोरलेन प्रोजेक्ट भी लोन स्कीम से बनने के कारण इसमें जमीन अधिग्रहण का प्रावधान भी नहीं है। ऐसे में विभाग ने मक्सी बायपास के लिए जमीन अधिग्रहण की मांग सरकार के सामने रख दी। करीब ढाई किमी तक फोरलेन निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण करने की अनुमति के साथ सरकार से बजट भी मांगा है। मक्सी-उज्जैन फोरलेन ?अभी पुरानी सड़क को ही चौड़ा कर बनाया जा रहा है। 38.95 किमी यह सड़क मक्सी में रेलवे फाटक के पास जुड़ती है। यहां एबी रोड के लिए ब्रिज बनाया जा रहा है। इस कारण उज्जैन जोड़ अब ब्रिज के नीचे हो जाएगा और वाहनों का दबाव बढ़ जाएगा। एमपीआरडीसी के ईई विजय सिंह के अनुसार सरकार से जमीन के लिए पत्राचार चल रहा है।

## किसानों ने खेत तक जाने किराए पर लिए रास्ते, एक्सप्रेस-वे पर सर्विस रोड नहीं

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • मैंने गेहूं की फसल बोई है। एक्सप्रेस-वे की वजह से खेत दो हिस्सों में बंटा है। दोनों जगह जाने के लिए मुझे पड़ोसी किसानों के खेतों से गुजरना होता है। इसके लिए मैं उन्हें 5-5 हजार रु. किराया देता हूं। अगर, कल को उन्होंने मना कर दिया, तो मैं क्या करूंगा? ये सवाल पूछते हुए उंटेसरा गांव के किसान रोहित की आवाज में तल्खी आ जाती है। दरअसल, ये केवल रोहित की परेशानी नहीं है बल्कि उज्जैन-गरोठ हाईवे के आसपास बसे दर्जनों गांव के किसान इसी परेशानी से गुजर रहे हैं। तीन साल पहले हाईवे बनना शुरू हुआ और अब इसका 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ने हाईवे के किनारे न तो सर्विस रोड बनाई न ही अंडरपास बनाया। इस वजह से



किसान अपने खेत तक नहीं जा सकते। वे रास्ते के लिए तहसीलदार, एसडीएम और कलेक्टर को कई बार आवेदन दे चुके हैं।

सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की, जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो यहां किसानों ने खेत तक जाने के लिए प्रशासन से हेलिकॉप्टर की मांग की है। किसानों की इस मांग के बाद ये समस्या एक बार फिर सुर्खियों में आ गई है।

क्या वाकई में किसान अपने खेत तक नहीं पहुंच पा रहे? हेलिकॉप्टर की मांग सिर्फ सुर्खियां बटोरने का जरिया है या फिर किसान हकीकत में परेशान है? इन्हीं सवालों का जवाब जानने भास्कर की टीम ने उज्जैन-गरोठ एक्सप्रेस-वे से सटे गांवों का दौरा किया और जो तस्वीरें सामने आईं, वे विकास के दावों पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। उज्जैन से करीब 14 किलोमीटर दूर, गांव उंटेसरा में मानसिंह राजोरिया का खेत है, लेकिन इसे खेत कहना अब शायद ठीक नहीं होगा। यह जमीन का एक बंजर टुकड़ा है, जो आसपास के लहलहाते गेहूं के खेतों के बीच एक बंजर टापू जैसा दिखता है। पिछले तीन साल से इस खेत में एक भी दाना नहीं बोया गया। वजह? खेत के ठीक सामने से गुजरता आलीशान उज्जैन-गरोठ एक्सप्रेस-वे।

## वैश्य महासम्मेलन : कैट ने अस्पताल में बांटे 50 कंबल, ठंड से बचाव के लिए मरीजों को दिए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**आगर - मालवा** •ठंड के मौसम को देखते हुए वैश्य महासम्मेलन और कैट (कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स) की जिला इकाइयों ने कंबल बांटे। रविवार को जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को ठंड से राहत देने के लिए 50 कंबलों का वितरण किया गया। संघ के सदस्यों ने बताया कि कंबल जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. मनीष कुरील और अस्पताल स्टाफ को सौंपे गए, ताकि इन्हें जरूरतमंद मरीजों और उनके साथ रह रहे परिजनों तक पहुंचाया जा सके। इस दौरान वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश मंत्री डॉ. पंकज अटल ने कहा कि संगठन समाजसेवा के ऐसे कार्य भविष्य में भी लगातार करता रहेगा। विधायक प्रतिनिधि पारस जैन ने भी जरूरत के अनुसार जनहित में सेवा कार्य आगे बढ़ाने की बात कही। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. मनीष कुरील ने इस सहयोग के लिए वैश्य महासम्मेलन और कैट का आभार जताया। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में यह पहल मरीजों और उनके परिजनों के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। कार्यक्रम के दौरान कैट के जिला अध्यक्ष राजेश माहेश्वरी, प्रदीप अग्रवाल, सुधीर जैन, वैभव मारू, पीयूष जैन, आशुतोष अग्रवाल सहित कई समाजसेवी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




## जिला पंचायत उपचुनाव आज होगा मतदान; 87 बूथों पर 48,157 वोटर्स करेंगे मताधिकार का प्रयोग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**आगर - मालवा** • जिला पंचायत वार्ड क्रमांक-1 के सदस्य पद के लिए होने वाले उपचुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान 29 दिसंबर को सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। इस उपचुनाव में कुल 87 मतदान केंद्रों पर 48,157 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। सुसनेर स्थित शासकीय आईटीआई कॉलेज में आयोजित प्रेस ब्रीफिंग में एसडीएम सर्वेश यादव ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उपचुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है।

मतदान से एक दिन पहले रविवार को आईटीआई कॉलेज परिसर से मतदान सामग्री का वितरण किया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वार्ड क्रमांक-1 के अंतर्गत आने वाली 31 ग्राम पंचायतों के 87 मतदान केंद्रों के लिए लगभग 500 से अधिक मतदानकर्मियों को ईवीएम सहित आवश्यक सामग्री सौंपी गई। सामग्री प्राप्त करने के बाद मतदान दल अपने-अपने केंद्रों के लिए रवाना हुए। इस अवसर पर एसडीएम सर्वेश यादव, तहसीलदार रामेश्वर दांगी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस बल मौजूद रहा। इस उपचुनाव में कुल चार प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें एक कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार, दो भाजपा से जुड़े प्रत्याशी और एक निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं। मतदान को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी तेज है और अब सभी की निगाहें मतदान प्रक्रिया और उसके बाद आने वाले परिणामों पर टिकी हुई हैं।



न्यूज ब्रीफ

## मालवा निमाड़ में इस वर्ष 1.71 लाख से ज्यादा नए बिजली कनेक्शन दिए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा इस कैलेंडर वर्ष में अब तक 1 लाख 71हजार 500 नए बिजली कनेक्शन जारी किए गए है। यह पिछले वर्ष से करीब दस प्रतिशत ज्यादा है। इंदौर राजस्व संभाग में करीब 1.10 लाख कनेक्शन जारी हुए है। इंदौर जिले में 51 हजार से अधिक कनेक्शन जारी हुए है। धार जिले में 13300, खरगोन जिले में 12000, खंडवा जिले में 9250, बड़वानी में 6800, बुरहानपुर में 6740, झाबुआ में 5300, अलीराजपुर में 3100 से ज्यादा कनेक्शन दिए गए है। उज्जैन संभाग के सातों जिले में 61 हजार से ज्यादा नए बिजली कनेक्शन (एनएससी) जारी किए गए है। कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह ने बताया कि मांग के मुताबिक नए सर्विस कनेक्शन एनएससी प्रदान किए जा रहे हैं, ये कनेक्शन ऑन लाइन या ऑफ लाइन दोनों प्रकार के आवेदन दर्ज कर विधिवित दस्तावेजों के साथ प्राप्त किए जा सकते है।

## श्रमिकों के लिए सम्पूर्ण स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● श्रमायुक्त कार्यालय इन्दौर द्वारा निर्माणाधीन बिल्डिंग स्कीम न.78 विजय नगर पर कार्यरत निर्माण एवं असंगठित श्रमिकों के लिए सम्पूर्ण स्वास्थ्य शिविर एवं ई श्रम व भवन सनिर्माण पंजीयन हेतु का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्रमिकों के लिए नि:शुल्क ब्लड, कुष्ठ रोग जांच , टीबी जांच , शुगर जांच के साथ दवाईयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रमिकों को श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं अधिनियमों के प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही ई श्रम पंजीयन एवं भवन सनिर्माण पंजीयन के लाभ से अवगत कराते हुए कतिपय श्रमिकों के पंजीयन की कार्यवाही भी की गई।

# उमंग सिंघार का बड़ा आरोप- प्रधानमंत्री स्किल इंडिया स्कीम में 9200 करोड़ का घोटाला

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● एमपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रधानमंत्री की स्किल इंडिया स्कीम में घोटाले का आरोप लगाया है। उमंग सिंघार ने कैग रिपोर्ट का हवाला देते हुए सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट किया हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की स्किल इंडिया स्कीम में 9200 करोड़ का घोटाला हुआ है प्रधानमंत्री स्किल इंडिया/PMKVY योजना युवाओं को कौशल और रोजगार देने के लिए शुरू की गई थी। इस योजना में 9,200 करोड़ से अधिक का घोटाला सामने आया है। 2015-2022 के बीच 1.32 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए 10,194 करोड़ जारी हुए थे, लेकिन 18 दिसंबर 2025 को संसद में पेश CAG की परफॉर्मेंस ऑडिट ने



योजना की अनियमितताओं को उजागर किया।

CAG रिपोर्ट के अनुसार, PMKVY 2.0 और 3.0 में 94% से अधिक लाभार्थियों के बैंक खाते फर्जी पाए गए। एक ही बैंक खाता हजारों उम्मीदवारों से जुड़ा था। एक ही फोटो से सैकड़ों लाभार्थी अलग-अलग राज्यों में दिखाए गए।

### 3 पॉइंट्स में समझें पूरी स्टोरी

- उमंग सिंघार ने प्रधानमंत्री की स्किल इंडिया स्कीम में 9,200 करोड़ रुपए के घोटाले का आरोप लगाया। उन्होंने CAG रिपोर्ट का हवाला देते हुए सोशल मीडिया पर ट्वीट किया।
- प्रधानमंत्री की स्किल इंडिया योजना, जिसे PMKVY कहा जाता है। युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और रोजगार देने के लिए शुरू की गई थी। इस योजना में 9,200 करोड़ से अधिक का घोटाला सामने आया है।
- 2015-2022 के बीच 1.32 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए 10,194 करोड़ रुपए जारी किए गए थे। लेकिन CAG रिपोर्ट में योजना की अनियमितताओं और घोटाले का खुलासा हुआ है।

प्लेसमेंट आंकड़े बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए। बंद या नाममात्र के केंद्रों को सक्रिय दिखाकर युवाओं की ट्रेनिंग दिखा दी गई। एक ही व्यक्ति ने एक दिन में कई राज्यों में निरीक्षण दर्ज किया।

### भ्रष्टाचार दबा रही सरकारें

मध्यप्रदेश में 4.7 लाख युवाओं को प्रशिक्षित करने का दावा किया गया। इसमें लगभग 23 करोड़ के गबन की आशंका है। 'ना खाऊंगा, ना खाने दूंगा' का दावा करने वाले प्रधानमंत्री के स्किल इंडिया मिशन के नाम पर 9,261 करोड़ की लूट हो गई। केंद्र और राज्य सरकार इस भ्रष्टाचार की जांच करवाने के बजाय इसे दबाने में लगी हैं।

## महापौर सफाई मित्रों के साथ हर रविवार को करेंगे पोहा पार्टी, जोन 15 फूटी कोठी से हुई शुरुआत



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● महापौर पुष्यमित्र भार्गव नगर निगम के सफाई मित्रों का उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से अब प्रति रविवार को जोन अनुसार पोहा पार्टी का आयोजन करेंगे, जिसकी शुरुआत उन्होंने जोन 15 फूटी कोठी क्षेत्र से कर दी है। रविवार को उन्होंने क्षेत्र के कर्मचारियों से संवाद किया। उनकी समस्याएं जानीं और इसके निराकरण के निर्देश निगम अधिकारियों को दिए।

कड़कड़ाती ठंड में जज्बा कायम साथ ही उन्होंने कर्मचारियों के साथ पोहे-जलेबी की पार्टी कर उनका उत्साहवर्धन किया। महापौर ने बताया कि हर वर्ष कठिन परिश्रम से नगर निगम कर्मचारी इंदौर को स्वच्छता का सिरमौर बनाते हैं। वर्तमान में भी जोरों की ठंडी में नगर निगम सफाई कर्मचारी सुबह 5 बजे घर से निकलकर शहर को साफ करने में जुट जाते हैं, इसलिए प्रति रविवार उनके साथ पोहा पार्टी करने के शुरुआत की गई है।

# कारोबारी श्रेयस झंवर आदतन अपराधी, 2 लाख का बाउंड ओवर उत्तम झंवर पर हमले के बाद कार्रवाई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● रियल एस्टेट कारोबारी श्रेयस झंवर पर पुलिस ने दो लाख रुपए का बाउंड ओवर किया है। बाउंड की कार्रवाई आदतन अपराधियों पर की जाती है। पुलिस की इस कार्रवाई से पता चलता है कि पुलिस ने श्रेयस झंवर को आदतन अपराधी माना है। इसके पहले भी उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज है। बाउंड की यह कार्रवाई डीसीपी जोन-3 राजेश व्यास ने की है।

'बाउंड ओवर' एक कानूनी प्रक्रिया है, जिसमें अदालत किसी व्यक्ति को चेतावनी देती है। इसमें व्यक्ति को शांति बनाए रखने या कुछ शर्तों का पालन करने के लिए कहा जाता है। अगर वह शर्तें नहीं मानता, तो उसे सजा हो सकती है। यह भारतीय दंड संहिता की धारा 122 के तहत होता है। इसमें व्यक्ति लिखित में वादा करता है कि वह शांति बनाए रखेगा। इसका मतलब



है कि व्यक्ति को अगली सुनवाई तक अदालत के आदेशों का पालन करना होगा।

हाल ही में पंढरीनाथ क्षेत्र में हुई एक घटना ने पुलिस के सामने हालात की गंभीरता को और स्पष्ट कर दिया। श्रेयस झंवर ने अपने ही रिश्तेदार उत्तम झंवर पर बीच सड़क कार रोककर हमला किया। इस दौरान हॉकी और बेसबॉल के डंडों का इस्तेमाल किया गया। इस मामले में इंदौर पुलिस ने श्रेयस, अशोक और एक अन्य पर केस दर्ज किया था।

इसके पहले भी श्रेयस झंवर सोशल मीडिया के जरिए विवादों में रहा है। शहर के एक प्रमुख राजनेता को लेकर सोशल मीडिया पर दिए गए आपत्तिजनक और ऊटपटांग बयानों ने श्रेयस को सुर्खियों में ला दिया था। इस मामले में भी पुलिस ने संज्ञान लिया था।

इतना ही नहीं, कनाडिया थाना क्षेत्र में आयोजित एक पार्टी के दौरान हुए विवाद में भी श्रेयस झंवर का नाम सामने आया था। उस मामले में मारपीट और हमले के आरोप दर्ज किए गए थे। वहीं डीसीपी जोन-3 राजेश व्यास ने बताया कि बाउंड ओवर की कार्रवाई का उद्देश्य किसी को सजा देना नहीं, बल्कि भविष्य में होने वाली आपराधिक गतिविधियों पर रोक लगाना है। बाउंड ओवर के तहत यदि संबंधित व्यक्ति फिर से किसी आपराधिक गतिविधि में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ और कठोर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

# अब समय आ गया बीईओ कार्यालय में सबको बदलने का

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● कलेक्टर कार्यालय की तर्ज पर इंदौर के विकास शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जो करोड़ों का घोटाला पकड़ाया, उसको लेकर शिक्षा विभाग में चहुंओर चर्चा का विषय बना हुआ है। यह घटना सामने आने के बाद से यहां कार्यरत कर्मचारी और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की कार्यगुजरियों के नए-नए चिट्ठे खुल रहे है। हालांकि अभी जांच की दिशा भोपाल से आए मेल के आधार पर चलेगी, लेकिन शिक्षा विभाग की आम चर्चाओं का सार निकला जाए तो इस कार्यालय में कंप्यूटर पर ऑनलाइन बिलों का काम कर रहे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की बिदाई जरूरी है। सूत्र तो यह बता रहे हैं, यहां के यही कर्मचारी कार्यालय का समय समाप्त होने के बाद यहां पर अलग तरह की महफिल जमाते हैं।

### डीईओ के घोटालेबाजों पर कोई कार्यवाही नहीं

*समग्र शिक्षक मंच के प्रदेश समन्वयक सुरेशचंद्र दुबे ने इन जांचों पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कहा कि इस पूर्व भी सीईओ जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन ने 67 लाख की आर्थिक अनियमितता को लेकर कार्यवाही की अनुशंसा की थी लेकिन घोटालेबाजों ने संभाग कमिश्नर के यहां सेटिंग कर जांच को दबा दिया।*

### प्राचार्यों को फटकार लगाने से नहीं चूकते है

*ग्रामीण क्षेत्र के एक प्राचार्य ने अपना नाम नहीं बताने की शर्त पर बताया कि बीईओ कार्यालय में काम कर रहे बाहर के लिपिक और कंप्यूटर ऑपरेटर हमसे इस तरह से बात करते है जैसे वो ही बीईओ हो। अगर हमने कोई समस्या आती है तो तथाकथित यहां के भ्रष्टाचार में लिप्त कर्मचारियों का गुट प्राचार्यों को छिड़कने से भी नहीं चुकते है।*

**डॉग बाइट की समस्या खत्म करने के लिए निगम के प्रयास**

# कुत्तों के लिए बनेंगे सेल्टर होम, तय स्थान पर नागरिक दे सकेंगे भोजन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर नगर निगम द्वारा कुत्तों को लेकर जारी सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार गाइडलाइन तैयार की जा रही है, जिसके लिए नगर निगम द्वारा शनिवार को अहम् बैठक बुलाई गई, जिसमें निगम अधिकारियों के साथ पशुप्रेमी शामिल हुए। नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी और एबीसी कार्यक्रम के प्रभारी डॉक्टर उत्तम यादव ने बताया कि उच्च न्यायालय, इन्दौर द्वारा आवारा श्वानों के व्यवस्थापन एवं आवारा पशुओं के संबंध में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें इंदौर में डॉग के लिए सेल्टर होम बनाने, प्रत्येक कॉलोनी के गली-मोहल्लों में भोजन के लिए स्थान निश्चित करने, स्कूल-कॉलेज और धार्मिक स्थलों के आसपास से डॉग के व्यवस्थापन संबंधी निर्णय लिए गए। बैठक में पशुओं की समस्या के स्थायी समाधान पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया।

**सेल्टर के लिए भूमि चिह्नित करने का काम जारी**-बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यादव नेबताया कि नगर निगम द्वारा आवारा श्वानों के लिए शहर के कुछ क्षेत्रों में भोजन स्थल पहले ही चिह्नित कर वहां बोर्ड लगाए जा चुके हैं। डॉग सेल्टर के लिएभूमिचिह्नित करने का कार्य प्रारंभकर दिया गया है। आवारा श्वानों के नियंत्रण एवं प्रबंधन हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है तथा सार्वजनिक स्थलों से आवारा श्वानों को हटाने की कार्रवाई निरंतर जारी है।

**बैठक में ये हुए शामिल**-बैठक में नगर निगम अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, स्वास्थ्य अधिकारी एवं एबीसी (एनिमल बर्थ कंट्रोल) प्रोग्राम प्रभारी डॉ. उत्तम यादव, कोंदवाड़ा विभाग रिमूव्हल अधिकारी अंकेश बिरथरे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

- डॉग के लिए निर्धारित भोजन स्थलों को चिह्नित कर वहां सूचना बोर्ड लगाए जाएंगे। नागरिकों द्वारा इधर-उधर भोजन कराने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
- एबीसी प्रोग्राम एवं पशुओं के प्रबंधन हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे।
- शहर में डॉग सेल्टर का निर्माण किया जाएगा।
- कुत्तों और पशुओं की निगरानी एवं त्वरित कार्रवाई हेतु विशेष टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा।
- सार्वजनिक क्षेत्रों से कुत्तों को सुरक्षित ढंग से पकड़ने हेतु कार्ययोजना तैयार की जाएगी।
- स्कूलों, कॉलेजों एवं प्रमुख चौराहों पर जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।
- प्रमुख सार्वजनिक स्थल छप्पन दुकान, राजवाड़ा, सराफा, रणजीत हनुमान मंदिर, खजराना गणेश मंदिर आदि से कुत्तों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।
- शहर के बाहर से आने वाले पशुओं (ऊंट, भेड़ आदि) के मालिकों पर कार्रवाई की जाएगी, जो शहर में हरियाली एवं सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाते हैं।

**पर्यावरण प्रेमियों ने किया पोस्टर लेकर प्रदर्शन**

# मेट्रो प्रोजेक्ट में शहर की हरियाली हो रही नष्ट रानी सराय परिसर में किया गया विरोध

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मेट्रो परियोजना के नाम पर हो रही पेड़ कटाई के खिलाफ जनहित पार्टी और पर्यावरण प्रेमियों ने रानी सराय परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से अपील की कि हरियाली और पक्षियों के बसेरों को बचाने की ठोस नीति बनाई जाए।

मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत पेड़ों की कटाई के विरोध में शनिवार को जनहित पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया और हरियाली बचाने की मांग उठाई। शहर के पर्यावरण प्रेमियों ने जनहित पार्टी के द्वारा आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में रानी सराय परिसर में जमकर नारेबाजी की। इतिहास की अमूल्य धरोहर रानी सराय भी इस मेट्रो स्टेशन के बाद खतरे में आ जाएगा। प्रदर्शन के दौरान पर्यावरण प्रेमी और शहर हितैषी कार्यकर्ता हाथों में बैनर लेकर सरकार से इस फैसले पर गंभीरता से विचार करने की अपील करते नजर आए।




### पक्षियों के सुरक्षित स्थानांतरण की मांग करेंगे

संस्था नेचर वालंटियर्स के पक्षी विशेषज्ञ भालू मोटे ने कहा कि पक्षी पर्यावरण संतुलन की रीढ़ है। अगर उनके बसेरे उजड़े तो केवल कागजी आश्वासनों से उनका पुनर्वास संभव नहीं है। इसके लिए बड़े पैमाने पर फलदार पेड़ लगाने होंगे। रानी सतय क्षेत्र में करुणा : सखगर संस्था द्वारा पक्षियों के लिए मिट्टी के घोंसले लगाए गए थे। वर्षों की मेहनत से रिकासित यह पक्षी कॉलोनी अ6 मेट्रो अलाइनमेंट की भेंट चढ़ने वाली है। संस्था के सदस्यों का कहना है कि वे मेट्रो प्रबंधन से पक्षियों के सुरक्षित स्थानांतरण यही मांग करेंगे। सरकार का दावा है कि प्रदेश में 30 हजार एकड़ भूमि पर एक बगिया मां के नाम' योजना के तहत पौधरोपण किया जाएगा, लेकिन सवाल यह है कि क्या इससे उन हजारों पक्षियों की नया घर मिल पपना शिनका ससेरा आज उजाड़ा जा रहा है। पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि पेड़ काटकर पौधे लगाने की नीति हरियाली नहीं, बल्कि पाखंड है। ऐसा कार्य पर्यावरण को जो नुकसान हुआ वह कभी भी नहीं भरा जा सकता।

उनका कहना था कि मुद्दा केवल नए पौधे लगाने का नहीं है, बल्कि उन पेड़ों को बचाने का है जो दशकों से शहर को ऑक्सीजन दे रहे हैं और पक्षियों का आश्रय बने हुए हैं। जनहित पार्टी के अध्यक्ष अभय जैन ने कहा कि सरकार 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चला रही है। इसका उद्देश्य वायु प्रदूषण कम करना और पर्यावरण संरक्षण बताया जाता है लेकिन वहीं दूसरी ओर पेड़ों की अंधाधुंध कटाई सरकार की मंशा पर सवाल खड़े करती है। इंदौर में मेट्रो परिवेजना के नाम पर हो रही पेड़ कटाई बेहद चिंताजनक है। गांधी प्रतिमा, रानी सराय और पुलिस मुख्यालय परिसर में मौजूद वर्षों पुराने पेड़ केवल हरियाली नहीं, बल्कि हजारों तोतों और अन्य पक्षियों का बसेरा हैं। सुबह होते ही यह इलाका पक्षियों की चहचहाहट से गूंज उठता है, लेकिन मेट्रो स्टेशन, अंडरग्राउंड निर्माण, एग्जिट एंट्री और पार्किंग के लिए इस पूरे क्षेत्र को उवाड़ने की तैयारी की जा रही है। मेट्रो के पहले चरण के बाद अब 16 किलोमीटर के नए ट्रैक पर काम तेज हो गया है, जिसमें रानी सराय क्षेत्र भी शामिल है।

# कार्यपालिक मजिस्ट्रेट पर उठे सवाल, जिला कोर्ट बोला बाउंडओवर में नहीं लगाया ज्यूडिशियरी ब्रेन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● जिला प्रशासन और पुलिस ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) के तहत होने वाली प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की थी। अब इसको लेकर बड़ा सवाल उठ गया है। यह सवाल इंदौर के कार्यपालिक मजिस्ट्रेट हातोद के जरिए की गई कार्रवाई से जुड़ा है। एसडीएम ने बीएनएसएस की धारा 126 बी और 135(3) के तहत एक किसान के खिलाफ कार्रवाई की थी।

इसमें जिला कोर्ट ने साफ कहा है कि इस प्रतिबंधात्मक आदेश में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के जरिए न्यायिक मस्तिष्क यानी ज्यूडिशियरी ब्रेन का उपयोग नहीं किया गया है। यहां तक कि यह भी कहा गया कि कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के आदेश, फार्म साइक्लोस्टाइल में बने हुए हैं। फरियादी इंदरसिंह पिता दौलतसिंह यादव, निवासी सुदामानगर, इंदौर ने जिला कोर्ट में केस दाखिल किया था। उसने मजिस्ट्रियल हातोद इंदौर और थाना प्रभारी हातोद को पक्षकार बनाया है। यादव ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ थाना प्रभारी हातोद ने याचिका पेश किया था। यह याचिका बीएनएसएस की धारा



126 बी और 135(3) के तहत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट हातोद कोर्ट में पेश की गई थी। इसमें उन्हें 28 अगस्त 2025 को 6 महीने के लिए 10 हजार की राशि में बाउंडओवर करने के आदेश हुए। यह इसलिए क्योंकि महेश केवट जो उनकी कृषि जमीन पर कब्जा कर खेती कर रहा था, उसे कब्जा हटाने के लिए कहा गया था।

### जिला कोर्ट की 126 बी पर अहम टिप्पणी

जिला कोर्ट ने सभी तथ्यों को सुनने के बाद पाया कि यह कार्रवाई गलत है। साथ ही, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट हातोद ने इस मामले में ज्यूडिशियरी ब्रेन का उपयोग नहीं किया था। जब भूस्वामी खुद शिकायत कर रहा है और पहले वह एफआईआर भी दर्ज करा चुका है और विवाद कृषि जमीन का है, तो यह सार्वजनिक विवाद कैसे हो सकता है? कार्यपालिक मजिस्ट्रेट ने आदेश में लिखा कि बीएनएसएस की धारा 126 सार्वजनिक स्थल पर सार्वजनिक शांति भंग होने और विवाद के लिए है। यह धारा व्यक्तिगत स्थल पर हुए व्यक्तिगत विवाद पर लागू नहीं होती है।

इसके बाद महेश ने थाने में उनके खिलाफ आवेदन किया और इसी आधार पर उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई प्रस्तावित कर दी गई थी। जबकि यादव ने महेश के खिलाफ अपनी जमीन पर कब्जे को लेकर हातोद थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। साथ ही, कलेक्टर जनसुनवाई और अन्य कई जगहों पर शिकायत की थी। इस धारा को तब लागू किया जाता है जब सामुदायिक शांति भंग हो। साथ ही, इससे आम जनता में डर पैदा हो, इसमें व्यक्तिगत या निजी विवाद नहीं आते हैं। इसलिए एसडीएम कोर्ट का आदेश निरस्त किया जाता है। जिला कोर्ट ने प्रतिबंधात्मक आदेश देखने पर यह भी लिखा कि ऐसा लगता है कि यह आदेश सायक्लोस्टाइल प्रोफार्मा पर तैयार किया गया है। इसमें धारा 130, 131 और 135(3) बीएनएसएस के प्रावधान संयुक्त रूप से लिखे गए हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।